दैनिक
नव प्रदेश
अहिंसा परमो धर्मः (logo motto: ...तमसः...)
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
भोपाल, बुधवार 30 दिसम्बर 2020, पूर्णिमा , विक्रम संवत-2077 वर्ष-04 अंक-226 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
डाक पंजीयन संख्या -म प्र /भोपाल /4-468/2018-20
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश में मजेदार अंताक्षरी चल रही है। कुछ किसान अपने खेत और खलिहान में झूम-झूमकर जा रहे है- मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती....। वहीं कुछ किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे यह गा रहे है- सरफरोशी की तमन्ना हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है...। परदेसी परदेसी जाना नहीं... वाला समूह गान सुनकर भी कोई यह गाते हुए चला जा रहा है कि - हम तो चले परदेस कि हम परदेसी हो गए...। इस पर तंज कसते हुए कोई जा रहा है- तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओगे।

धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2020: लव जिहाद के खिलाफ अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी

यूपी की राह पर ही चला मध्यप्रदेश शासन

मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न

विधानसभा का शीतकालीन सत्र स्थगित होने पर फैसला

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। यूपी की योगी सरकार की तरह ही मध्यप्रदेश में भी लव जिहाद के खिलाफ प्रस्तावित धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2020 को अध्यादेश लागू करने जा रही है। शिवराज कैबिनेट ने आज अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस कानून में जो व्यक्ति या संस्थाएं इसमें सहयोग करेंगी, उनको भी अपराधी बनाया है। सरकार के लिए बेटियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। पिता की संपत्ति में उत्तराधिकार का प्रावधान किया है। सरकार इस कानून को आज से ही लागू करने जा रही है। मंत्रालय सूत्रों

ने बताया कि राज्यपाल आंनदीबेन पटेल आज ही अध्यादेश को लागू करने की स्वीकृति दे सकती हैं। सरकार की तैयारी अध्यादेश को आज ही राजपत्र में प्रकाशन कर लागू करने की है। इससे पहले 26 दिसंबर को कैबिनेट ने विधेयक को मंजूरी दी थी, लेकिन 28 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के स्थगित होने के कारण अब सरकार इस कानून को अध्यादेश के माध्यम से लागू करने जा रही है। इसे छह महीने के अंदर पास कराना होगा। ऐसे में इस बजट सत्र में इसे पेश किया जाएगा।

यूपी में भी राज्यपाल आनंदी बेन ने ही मंजूरी दी

मध्यप्रदेश से पहले उत्तरप्रदेश में लव जिहाद के खिलाफ अध्यादेश लाया गया। यहां पर 26 नवंबर को आनंदी बेन ने मंजूरी दी थी। वहां विधानसभा सत्र नहीं होने के कारण **शेष पृष्ठ 07 पर**

बिल के 10 मुख्य पॉइंट

- बहला-फुसलाकर, धमकी देकर जबर्दस्ती धर्मांतरण और शादी करने पर 10 साल की सजा का प्रावधान होगा। यह अपराध गैर जमानती होगा।
- धर्मांतरण और धर्मांतरण के बाद होने वाले विवाह के 2 महीने पहले डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को धर्मांतरण और विवाह करने और करवाने वाले दोनों पक्षों को लिखित में आवेदन देना होगा।
- बगैर आवेदन दिए धर्मांतरण करवाने वाले धर्मगुरु, काजी, मौलवी या पादरी को भी 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- धर्मांतरण और जबरन विवाह की शिकायत पीड़ति, माता- पिता, परिजन या गार्जियन द्वारा की जा सकती है।
- सहयोग करने वालों को भी मुख्य आरोपी बनाया जाएगा। उन्हें अपराधी मानते हुए मुख्य आरोपी की तरह ही सजा होगी।
- जबरन धर्मांतरण या विवाह कराने वाली संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा।
- इस प्रकार के धर्मांतरण या विवाह कराने वाली संस्थाओं को डोनेशन देने वाली संस्थाएं या लेने वाली संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन भी रद्द होगा।
- इस प्रकार के धर्मांतरण या विवाह में सहयोग करने वाले सभी आरोपियों के विरुद्ध मुख्य आरोपी की तरह ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
- अपने धर्म में वापसी करने पर इसे धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा।
- पीड़ित महिला और पैदा हुए बच्चे को भरण-पोषण का हक हासिल करने का प्रावधान किया गया है।
- आरोपी को ही निर्दोष होने के सबूत प्रस्तुत करना होगा।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम अध्यादेश को मंजूरी; व्यापारियों को नहीं, मिलावटखारों को होगी उम्रकैद

वर्ष 2020 की मंगलवार को हुई अंतिम कैबिनेट की बैठक में शिवराज सरकार ने अहम फैसले लिए हैं। धर्म स्वातंत्र्य कानून के अलावा खाद्य सुरक्षा अधिनियम में संशोधन अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत मिलावटखोरों को उम्रकैद की सजा होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का फोकस मिलावटखोरों पर ज्यादा है, इसलिए व्यापारियों को नहीं, बल्कि मिलावटखोरों लिए कानून में सख्त प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की जान से खिलवाड़ करने वालों को जीवन भर जेल में चक्की चलाना पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा- नए साल में आत्म निर्भर मध्य प्रदेश को लागू करने के लिए जुटना है। बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार को इनपुट मिला है, कोरोना वैक्सीन में फर्जीवाड़ा हो सकता है। इसे लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया था कि ऐसा होने पर दोषियों को उम्रकैद की सजा दी जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 272 से 276 में मिलावट करने वाले को 6 माह की सजा और 1 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान था, लेकिन अब इसे संशोधित कर आजीवन कारावास की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह अधिनियम की धारा 277 (क) में एक्सपायरी डेट की दवाएं बेचने पर सजा 3 साल से बड़ा कर 5 साल और एक लाख रुपए का जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

खास- खबर

बिना टीसी नहीं मिलेगा एडमिशन:

9वीं से 12वीं प्रवेश के लिए स्कूलों में देना होगा सर्टिफिकेट

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को बगैर टीसी (स्थानांतरण प्रणाम पत्र) के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्राइवेट स्कूलों की मांग पर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) की आयुक्त जयश्री कियावत ने इस संबंध में सोमवार को सभी जिले के संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए है। कोरोना काल में इस बार स्कूल नहीं खुले हैं। ऑनलाइन ही पढ़ाई चल रही है। ऐसे में कई प्राइवेट स्कूल फीस के लिए दबाव बना रहे हैं। कोरोना काल में अभिभावकों की आर्थिक स्थिति खराब होने पर कई विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्कूल से टीसी लिए बगैर ही सरकारी स्कूलों में एडमिशन के लिए अप्लाई कर दिया। प्राइवेट स्कूलों ने इसकी शिकायत कमिश्नर स्कूल शिक्षा जयश्री कियावत से की। इस पर कमिश्नर ने स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों का हवाला देते हुए बिना टीसी के एडमिशन नहीं देने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश में लिखा गया है कि कोई विद्यार्थी या अभिभावक जो मप्र के किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में ट्रांसफर होकर एडमिशन लेना चाह रहा हो, उसे एडमिशन के समय आवेदन पत्र के साथ उस स्कूल से मिला ट्रांसफर सर्टिफिकेट देना होगा, जहां उसने अंतिम बार पढ़ाई की हो। इसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 9वीं से 12वीं कक्षा में बिना टीसी के किसी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाए। अगर इस संबंध में शिकायत मिलती है तो संबंधित संस्था के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

6 मरीजों में नया कोरोना मिला

9 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच देश लौटे संक्रमितों की जीनोम सीक्वेंसिंग जरूरी

नई दिल्ली । भारत में भी कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन पहुंच गया है। यहां छह संक्रमितों में यह वायरस मिला है। ये सभी हाल ही में ब्रिटेन से लौटे थे। इनमें से तीन सैम्पल बेंगलुरु, दो हैदराबाद और एक पुणे के इंस्टीट्यूट भेजे गए थे। इनमें तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के एक-एक सैम्पल में नए स्ट्रेन की पुष्टि हुई। बाकी तीन मरीज कर्नाटक के हैं। नए स्ट्रेन के मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। हेल्थ मिनिस्ट्री ने मंगलवार को बताया कि 9 से 22 दिसंबर के बीच भारत आए इंटरनेशनल पैसेंजर्स, जो सिंप्टोमैटिक या संक्रमित पाए गए हैं, उनकी जीनोम सीक्वेंसिंग अनिवार्य होगी। वहीं, 31 दिसंबर तक सस्पेंड UK की उड़ानें आगे भी बंद रह सकती हैं। यूनियन एविएशन मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी ने कहा, मुझे लगता है कि हमें अभी UK की फ्लाइट्स के सस्पेंशन को थोड़ा और बढ़ाना पड़ सकता है।

क्या है जीनोम सिक्वेंसिंग?

जीनोम सीक्वेंसिंग किसी वायरस की पूरी जानकारी है, जिसमें वायरस का पूरा डेटा होता है। वायरस कैसा है? कैसा दिखता है? इसकी जानकारी जीनोम में मिलती है। वायरस के बड़े ग्रुप को जीनोम कहा जाता है। वायरस के बारे में जानने की प्रोसेस को जीनोम सीक्वेंसिंग कहा जाता है। इसी के जरिए कोरोना के नए स्ट्रेन के बारे में पता लगाया जा रहा है।

ब्रिटेन में कोरोना के दो नए वैरिएंट मिले

ब्रिटेन में अब तक कोरोना वायरस के ज्यादा खतरनाक दो वैरिएंट मिल चुके हैं। पहला वैरिएंट मिला इसके बाद ही भारत



सभी मरीज आइसोलेशन में

इन सभी को संबंधित राज्यों में राज्य सरकार के कोविड सेंटर में सिंगल रूम आइसोलेशन में रखा गया था। इनके संपर्क में आए लोगों को भी अलग क्वारैंटाइन कर दिया गया है। नए संक्रमितों के संपर्क में आए दूसरे लोगों का भी पता लगाया जा रहा है। 25 नवंबर से 23 दिसंबर के बीच ब्रिटेन से लगभग 33 हजार यात्री भारत आए। इनमें से अब तक 114 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। कुछ और सैम्पल्स में नए जीनोम का पता लगाया जा रहा है।

सरकार ने 21 दिसंबर को ब्रिटेन से आने वाली फ्लाइट्स पर रोक लगा दी थी। ये रोक 22 दिसंबर रात 11.59 बजे से 31 दिसंबर रात 11.59 बजे तक लगाई गई। जो लोग इससे पहले फ्लाइट्स से भारत पहुंचे उनका एयरपोर्ट पर ही RT-PCR टेस्ट किया गया था।

किन देशों में मिला नया स्ट्रेन?

कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के बारे में सबसे पहले ब्रिटेन में पता चला था। ब्रिटेन के अलावा इस नए स्ट्रेन के केस भारत, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, लेबनान, सिंगापुर और नाइजीरिया में सामने आ चुके हैं। उधर, दक्षिण अफ्रीका में भी कोरोना वायरस का एक नया स्ट्रेन मिला है। यह ब्रिटेन वाले नए स्ट्रेन से अलग है।

क्या होता है म्युटेशन? क्या वायरस में म्युटेशन नॉर्मल है?

म्युटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। **शेष पृष्ठ 07 पर**

वायरस का नया रूप 70 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फैलता है

वायरस में लगातार म्यूटेशन होता रहता है, यानी इसके गुण बदलते रहते हैं। म्यूटेशन होने से ज्यादातर वेरिएंट खुद ही खत्म हो जाते हैं, लेकिन कभी-कभी यह पहले से कई गुना ज्यादा मजबूत और खतरनाक हो जाता है। यह प्रोसेस इतनी तेजी से होती है कि वैज्ञानिक एक रूप को समझ भी नहीं पाते और दूसरा नया रूप सामने आ जाता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि कोरोनावायरस का जो नया रूप ब्रिटेन में मिला है वह पहले से 70 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फैल सकता है।

अब इंदौर में चले पत्थर:

मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा पढ़ रहे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर पथराव, 12 से ज्यादा घायल

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के लिए धनसंग्रह करने निकले थे कार्यकर्ता

तीन दिन पहले उज्जैन के बेगमबाग क्षेत्र में भी हुई थी इसी तरह की घटना

नव प्रदेश संवाददाता

इंदौर। इंदौर जिले में हिंदू संगठन की रैली पर पथराव कर दिया गया। घटना गौतमपुरा के चांदनखेड़ी में हुई। यहां मंगलवार दोपहर 1 बजे संगठन द्वारा अयोध्या के राम मंदिर के लिए धन संग्रह करने रैली निकाली जा रही थी। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता मस्जिद के सामने रुके और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। इसी बात को लेकर बाइक से निकले लोगों का दूसरे पक्ष के कुछ लोगों से विवाद हो गया। लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। डीआईजी हरिनारायण चारी मिश्रा ने कहा है कि पत्थरबाजों पर रासुका लगाई जाएगी। मामले में सात पत्थरबाजों की पहचान की गई है। इनकी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर कलेक्टर मनीष सिंह भी पहुंच सकते हैं। मालूम रहे कि इसी तरह की घटना 25 दिसंबर शुक्रवार को उज्जैन **शेष पृष्ठ 07 पर**

क्रोएशिया में लगातार दूसरे दिन भूकंप: राजधानी जगरेब में 6.3 तीव्रता का भूकंप

कई इमारतें गिरीं; 3 पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए झटके

क्रोएशिया में मंगलवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी जगरेब से 46 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में इसका केंद्र था। भूकंप से इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। इसी इलाके में सोमवार को 5.2 तीव्रता का भूकंप आया था। जगरेब में आए भूकंप के झटके पूरे क्रोएशिया में महसूस किए गए हैं। इनके अलावा पड़ोसी देशों स्लोवानिया, सर्बिया, बोस्निया में भी झटके महसूस किए गए। क्रोएशिया का क्रस्को न्यूक्लियर प्लांट एहतियातन बंद कर दिया गया है। पेंट्रिजा शहर में कई घर पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं।

उज्जैन उपद्रव पर सरकार का सख्त रुख

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का बड़ा बयान- जिस घर से पत्थर आएंगे, वहीं से पत्थर निकाले जाएंगे

कहा- कांग्रेस हमेशा तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण की राजनीति करती है

नव प्रदेश संवाददाता

उज्जैन। अयोध्या राम मंदिर के लिए धनसंग्रह करने निकले उज्जैन में हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं पर हुए पथराव के बाद हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र ने सोशल मीडिया पर बड़ा बयान आया है। उन्होंने कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि जिस घर से पत्थर आएंगे, वहीं से पत्थर निकाले जाएंगे और वहीं से पत्थर निकाले भी गए हैं। गृहमंत्री के इस बयान से उज्जैन उपद्रव मामले में सरकार का रुख साफ हो गया है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि स्वाभाविक रूप से कांग्रेस तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण की राजनीति करती है। उज्जैन मामले में भी कांग्रेस यही कर रही है। कांग्रेस

मालगाड़ियों के लिए अलग ट्रैक | कहा- किसानों को भी फायदा होगा

पीएम मोदी ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के सेक्शन की शुरुआत की

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू भाउपुर-न्यू खुर्जा सेक्शन का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। इसका फायदा यह होगा कि कानपुर-दिल्ली रूट पर ट्रेनें लेट नहीं होंगी। मालगाड़ियां भी समय पर पहुंच सकेंगी। मोदी ने ऑपरेशनल कंट्रोल सेंटर की भी शुरुआत की। मोदी ने कहा कि आज का दिन भारतीय रेल के गौरवशाली अतीत को 21वीं सदी की नई ऊंचाई देने वाला है। हम सबसे ब?ा और आधुनिक रेलवे प्रोजेक्ट धरातल पर उतरते देख रहे हैं। इससे किसानों को भी फायदा होगा।

नए कॉरिडोर से किसानों को भी फायदा होगा

इस कॉरिडोर से मालगाड़ियों की गति तीन

गुना हो जाएगी। दोगुना माल ढोया जा सकेगा। इन ट्रैक पर डबल डेकर मालगाड़ियां चलाई जा सकेंगी। इससे कारोबार बढ़ेगा, निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कारोबारी हो, किसान हो या कंज्यूमर सबको इसका लाभ मिलेगा। जिन पटरियों पर ट्रेन चलानी

इंफ्रास्ट्रक्चर की ग्रोथ तरक्की के लिए अहम

मोदी ने कहा कि नए फ्रेट कॉरिडोर में मैनेजमेंट और डेटा से जुड़ी टेक्नोलॉजी भारत में ही तैयार की गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर की ग्रोथ किसी भी देश का सबसे बड़ा स्रोत है। यह जितनी मजबूत होती है, राष्ट्र का विकास उतनी तेजी से होता है। भारत में बीते छह साल से आधुनिक कनेक्टिविटी के हर पहलू पर काम किया जा रहा है। हाईवे हो, रेलवे हो और वॉटर वे हो और आईवे। इन पांचों पहियों को रफ्तार दी जा रही है।

थी, उस पर निवेश ही नहीं किया गया। रेल नेटवर्क को लेकर वह गंभीरता ही नहीं थी। अब भारत आधुनिक ट्रेनों का निर्माण अपने

पिछली सरकार की वजह से प्रोजेक्ट अटक गया था

2006 में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद यह कागजों और फाइलों में ही बनता रहा। केंद्र को राज्यों के साथ जिस अर्जेंसी से संवाद करना था वह हुआ ही नहीं। नतीजा यह हुआ कि काम अटक गया, लटक गया, भटक गया। इसके लिए पैसा भी स्वीकृत हुआ, वह भी सही तरह से खर्च नहीं हुआ। इसका बजट 2014 में 11 गुना बढ़ गया। मैंने स्टेक होल्डर से बात की, समीक्षा की और केंद्र ने राज्य सरकारों को प्रेरित किया।

लिए भी कर रहा है और निर्यात भी कर रहा है। देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर किसी दल की विचारधारा का नहीं, देश के विकास का

देश की संपत्ति किसी दल की संपत्ति नहीं

मैं एक और मानसिकता का वर्णन करना चाहता हूं। देश में प्रदर्शनों में देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है। यह किसी दल की संपत्ति नहीं है। इसमें देश के गरीब और सामान्य जन का पैसा लगा है। इसलिए हमें राष्ट्रीय दायित्व को नहीं भूलना चाहिए। जिस रेलवे को निशाना बनाया जाता है, वह मुश्किल काल में किस तरह देश के काम आती है वह कोरोना काल में दिखा है।

मार्गदर्शक होता है। राजनीतिक दलों को अगर स्पर्धा करनी ही हो तो क्वालिटी, स्पीड और स्केल की हो। **शेष पृष्ठ 07 पर**

जिस बोलपुर में शाह ने रोड शो किया, वहीं ममता ने दी चुनौती- भाजपा 30 सीटें जीतकर दिखाए

बोलपुर। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच टकराव और बढ़ता जा रहा है। जिस बोलपुर में कुछ दिन पहले अमित शाह ने रोड शो कर 5 साल में सोनार बांग्ला बनाने का दावा किया था, वहीं ममता बनर्जी ने आज पदयात्रा की। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने मंगलवार को पदयात्रा के बाद कहा कि कुछ विधायकों के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि जनता हमारे साथ है। ममता ने चुनौती दी कि भाजपा 294 सीटों का सपना छोड़े, वह बंगाल में सिर्फ 30 सीटें जीतकर दिखाए। उन्होंने बीरभूम के बोलपुर में भाजपा पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की संस्कृति को नष्ट करने के लिए साजिश की जा रही है। भाजपा हिंसा और बांटनेवाली राजनीति बंद करे।

ट्रॉल्स पर अंकिता लोखंडे ने कसा तंज, लाइव वीडियो में कहा- पसंद नहीं करते तो अनफॉलो कर दो

नई दिल्ली। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए कहा है कि जो लोग उन्हें पसंद नहीं करते हैं, वे उनको अनफॉलो कर सकते हैं। मंगलवार सुबह ही इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो के जरिए अंकिता लोखंडे ने कहा कि उनकी जिंदगी को मेडिटेशन ने काफी बदला है। अंकिता लोखंडे ने कहा कि मैंने जब शुरुआत में मेडिटेशन किया था तो कुछ मिनटों तक ही कर पाती थी, लेकिन अब घंटों तक वह ध्यान की अवस्था में रहती हैं। अंकिता लोखंडे ने कहा कि मेडिटेशन के चलते मेरी सेहत में सुधार आया है और तनाव भी कम हुआ है। अंकिता लोखंडे ने कहा कि यह मेरे लिए सशक्त करने वाला रहा है। अंकिता लोखंडे ने कहा कि मैंने इस साल की शुरुआत में ही मेडिटेशन की शुरुआत की थी और अब एक तरह से साल बीतने वाला है। अंकिता लोखंडे ने कहा कि यह साल मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है और मेडिटेशन के चलते तनाव से उबरने में मदद मिली है। 'पवित्र रिश्ता' की एक्टर ने कहा कि लोगों का सोचने का अपना नजरिया है। मेरा उन्हें लेकर कुछ कहना नहीं है, लेकिन जो लोग मुझे पसंद नहीं करते हैं, वे मुझे अनफॉलो कर सकते हैं। सुशांत सिंह राजपूत की गर्लफ्रेंड रहीं अंकिता लोखंडे को कई बार ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा है।

अक्षय कुमार ने खास अंदाज में पत्नी ट्विंकल खन्ना को किया बर्थडे विश, फोटो शेयर कर लिखा खूबसूरत नोट

नई दिल्ली। ट्विंकल खन्ना आज अपना 47वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर सेलेब्स और फैन्स उन्हें बर्थडे की बधाई दे रहे हैं, लेकिन अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना को अलग ही अदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। अक्षय ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट की है जिसमें उनके साथ ट्विंकल खन्ना नजर आ रही हैं। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, ''जिंदगी के फैसलों पर सवाल उठाने वाला एक और साल, लेकिन खुशी है मुझे ये सब फैसले तुम्हारे साथ लेने का मौका मिला। हैप्पी बर्थडे टीना।'' फोटो में अक्षय और ट्विंकल साइकिल के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। ट्विंकल बोट नेक स्वेटर और डेनिम में काफी खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं, अक्षय ब्लैक स्वेटशर्ट में हैंडसम लग रहे हैं। अक्षय कुमार के इस पोस्ट पर फैन्स कमेंट करते हुए ट्विंकल खन्ना को बर्थडे विश कर रहे हैं। मालूम हो कि अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना ने साल 2001 में शादी की थी।

नेहा-रोहनप्रीत इंडियन आइडल 12 के 'शादी स्पेशल' एपिसोड में आएंगे नजर

नई दिल्ली। सिंगर नेहा कक्कर, जो इंडियन आइडल-12 में जज हैं, वह अपने पति सिंगर रोहनप्रीत सिंह के साथ म्यूजिक रियलिटी शो के 'शादी स्पेशल' एपिसोड'में दिखाई देंगी। सोनी टीवी ने इस एपिसोड की तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया है और लिखा, "#IndianIdol2020 के #ShaadiSpecial सेट पर सबसे नए जोड़े #NehuPreet पर एक एक्सक्लूसिव एपिसोड जल्द ही। इस सप्ताह के अंत में 8 बजे ट्यून करें।

नेहा और रोहनप्रीत कॉमेडियन भारती सिंह और उनके लेखक पति हर्ष लिम्बाचिया के साथ विशेष एपिसोड में शामिल होंगे, जो इस सप्ताह के अंत में प्रसारित होगा।

यह रिश्ता नेहा और रोहनप्रीत के लिए 'झट मंगनी पट ब्याह' जैसा रोमांस था। दोनों पहली बार अगस्त में नेहू दा व्याह के संगीत वीडियो की शूटिंग के दौरान मिले थे और 24 अक्टूबर को दिल्ली में एक समारोह में शादी कर ली। इसके बाद चंडीगढ़ में उनका रिसेप्शन भी हुआ।



जब राजेश खन्ना ने बेटी से पूछ लिया, तुम्हारा कोई बॉयफ्रेंड नहीं है?

नई दिल्ली। आज बॉलीवुड के ऑल टाइम सुपरस्टार राजेश खन्ना का जन्मदिन है। राजेश खन्ना अपने जमाने के ऐसे हीरो थे जिन्होंने लगातार कई हिट फिल्में दी थी। उनकी लोकप्रिया का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। राजेश खन्ना अपने अलग अंदाज की एक्टिंग के लिए मशहूर थे। कहते हैं आज भी बॉलीवुड की रोमांटिक दुनिया में उनका कोई सानी नहीं है। उनकी फिल्में जब पर्दे पर आती थीं, तो सिनेमाघरों के सामने टिकट खरीदने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो जाती थी। आज वो अगर जिंदा होते तो अपना 78वां जन्मदिन मना रहे होते। उनके जन्मदिन पर बहुत से करीबी लोग उनसे जुड़े कई किस्सों का जिक्र कर रहे हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह बहुत मजाकिया और खुले दिल के इंसान थे। राजेश खन्ना से जुड़ा ऐसा ही एक किस्सा उनकी बेटी ट्विंकल ने बताया था। उन्होंने बीते फादर्स डे पर अपने पिता के बारे में एक लेख साझा करते हुए बताया कि कैसे उनके पिता राजेश खन्ना ओरिजनल कूल डैड थे?

एसबीआई ग्राहकों के लिए एक जनवरी से बदल जाएगा चेक से पेमेंट करने का तरीका

लागू होगा नया सिस्टम

नई दिल्ली। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) 1 जनवरी 2021 से चेक से पेमेंट करने के नियमों में बदलाव करने जा रहा है। एसबीआई पॉजिटिप पे सिस्टम 1 जनवरी 2021 से लागू करने वाला है। ये 50 हजार रुपये से अधिक चेक पेमेंट के नियमों पर लागू होगा।

एसबीआई ग्राहकों को 1 जनवरी से 50 हजार रुपये से अधिक की कीमत वाले चेक जारी करते समय अकाउंट नंबर, चेक नंबर, चेक अमाउंट, चेक डेट आदि की जानकारी चेक पेमेंट के लिए देनी होगी। एसबीआई पॉजिटिव पे सिस्टम ग्राहकों का विकल्प दे रहा है और इस बारे में कोई भी सवाल होने पर आप बैंक ब्रांच को संपर्क कर सकते हैं।

क्या है पॉजिटिव पे सिस्टम

पॉजिटिव पे सिस्टम एक स्वचालित टूल है जो चेक के जरिये धोखाधड़ी करने पर लगाम लगाएगा। इसके तहत, जो व्यक्ति चेक जारी करेगा, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चेक की तारीख, लाभार्थी का नाम, प्राप्तकर्ता और पेमेंट की रकम के बारे में दोबारा जानकारी देनी होगी। चेक जारी करने वाला व्यक्ति यह जानकरी एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकता है। इसके बाद चेक पेमेंट से पहले इन जानकारियों को क्रॉस-चेक किया जाएगा।

नए नियम के तहत पांच अहम बदलाव

1. पॉजिटिव पे सिस्टम बड़े भुगतान वाले चेक के विवरणों को फिर से जांचने की प्रक्रिया है।
2. बैंक 50,000 रुपये और उससे ऊपर के सभी भुगतान के मामले में खाताधारकों के लिए नया नियम लागू करेंगे। हालांकि इस सुविधा का लाभ लेने का निर्णय खाताधारक करेगा। बैंक पांच लाख रुपये और उससे अधिक राशि के चेक के मामले में इसे अनिवार्य कर सकते हैं।
3. नए सिस्टम के तहत चेक जारी करने वाला व्यक्ति चेक की जानकारी एसएमएस, मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम के माध्यम से दे सकता है। चेक का भुगतन से पहले इन जानकारियों की दोबारा जांच की जाएगी।
4. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) पॉजिटिव पे सिस्टम को विकसित कर इसे सहभागी बैंकों को उपलब्ध कराएगा।
5. केवल वे चेक जो नए नियम के तहत आएंगे वे सीटीएस ग्रिड विवाद समाधान तंत्र के तहत स्वीकार किए जाएंगे। सभी बैंकों को चेक क्लियर या संग्रह में नए नियम को लागू करना होगा।

सोना हुआ सस्ता 50 हजार के नीचे आए दाम

नई दिल्ली। सर्राफा बाजारों में आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट देखने को मिली। सोने का हाजिर भाव एक बार फिर 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नीचे आ गया। देशभर के सर्राफा बाजारों में मंगलवार को 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 152 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरकर 49,985 रुपये पर खुला। जबकि चांदी 601 रुपये सस्ती होकर 67,141 रुपये प्रति किलो पर खुली। बता दें कि IBJA द्वारा जारी किए गए रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी (GST) शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप IBJA के रेट का हवाला दे सकते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक द्ब्ड्डद्रड्डु देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है।

वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 28 दिसंबर तक 4.37 करोड़ आईटीआर दाखिल हुए

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2019-20 (आकलन वर्ष 2020-21) के लिए 28 दिसंबर तक 4.37 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए। व्यक्तिगत आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2020 है और विभाग ने एकदम अंतिम समय का इंतजार किए बिना रिटर्न दाखिल करने के लिए कहा है, ताकि किसी परेशानी से बचा जा सके। आयकर विभाग ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि आकलन वर्ष 2020-21 के लिए 28 दिसंबर 2020 तक 4.37 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न पहले ही दाखिल किए जा चुके हैं। आशा है कि आपने भी अपना रिटर्न दाखिल किया है। यदि अभी तक दाखिल नहीं किया गया है, तो इंतजार न करें। आकलन वर्ष 2020-21 के लिए अपना आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता रहे बाराद्वार

मालखरौदा /बड़े सीपत। मालखरौदा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बड़े सीपत में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हुआ जिसमे बाराद्वार विजेता रहे क्षेत्र में हो रहे क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहवर्धन के लिए इनाम की राशि भी रखी गई थी जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 श्रीमती अंजनी राजेश कुमार साहू सरपंच के द्वारा रखा गया था द्वितीय पुरस्कार 60001 श्रीमती लकेश्वरी देवा लहरें के द्वारा रखा गया था तृतीय पुरस्कार 2501 कुशल कश्यप के द्वारा रखा गया था जो कि दिनांक 06/12/2020 को आरंभ होकर आज दिनांक 29/12/2020 को समापन रहा जिसमें क्षेत्र के सभी खिलाड़ी बंधु की उपस्थिति नजर आई और खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ मैचों में भाग लिया इसी के साथ आज का फाइनल मैच बाराद्वार और छाता मुड़ा के बीच खेला गया जिसमें बाराद्वार विजेता रहे मैच में उत्साह लाने के लिए हमारे मुख्य अतिथि श्री देवा लहरें (विधायक प्रतिनिधि चंद्रपुर विधानसभा) अध्यक्षता श्री राजेश साहू (सरपंच बड़े सीपत) विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री कुशल कश्यप श्री अमृतलाल साहू श्री हीरा यादव(स्ङ्घष्ट) श्री भुनेश्वर पटेल बीडीसी श्री लुरू प्रसाद जायसवाल श्री नारायण प्रसाद जयसवाल श्री हेमलाल निषाद श्री लाला साहू श्री कन्हैया साहू श्री लल्लू यादव श्री हरिशंकर साहू ने हंसी खुशी मैचों का आनंद उठाया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया अंत में फाइनल मैच पर पहुंचे बाराद्वार और छाता मुड़ा जिसमें बाराद्वार विजय रहा और इनाम की हकदार भी प्रथम पुरस्कार बाराद्वार को दिया गया द्वितीय पुरस्कार छाता मुड़ा को दिया गया तृतीय पुरस्कार पिहरिद को दिया गया जिसमें मैन ऑफ द मैच शंकर को दिया गया मैन ऑफ द सीरीज जगदीश साहू को दिया गया सभी मैचों में इनपायार के लिए नामदेव जांगड़े संतोष कर्ष को भी मेडल के साथ सम्मानित किया गया

ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार हिस्सा नहीं लेंगे रोजर फेडरर

नई दिल्ली। 8 फरवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में रोजर फेडरर इस बार खेलते दिखाई नहीं देंगे। फेडरर के करियर में यह पहला मौका होगा, जब वह इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। 21 ग्रैंड स्लैम विजेता रोजर फेडरर अपनी घुटने की चोट से उबर रहे हैं, जिसके चलते उन्होंने यह फैसला लिया है। फेडरर की हाल में ही घुटने की दो बार सर्जरी हुई थी और वह काफी समय बाद ट्रेनिंग पर लौटे थे।

साल के पहले ग्रैंड स्लैम का आयोजन 18 जनवरी से होने था, लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसको तीन हफ्ते आगे बढ़ा दिया गया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के आयोजकों ने बताया कि फेडरर अपनी घुटने की चोट से रिकवर कर रहे हैं, जिसके चलते वह इस साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। फेडरर अपनी घुटने की सर्जरी के चलते फरवरी से खेल से दूर हैं और हाल में ही उन्होंने प्रैक्टिस करने शुरू की थी। साल 2000 में डेब्यू करने के बाद यह पहला मौका होगा, जब यह दिग्गज खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलता दिखाई नहीं देगा।

शास्त्री ने बताया- रहाणे और विराट कोहली की कप्तानी में क्या है फर्क

मेलबर्न। टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को कप्तान अजिंक्य रहाणे को चालाक कप्तान बताते हुए कहा कि उनका शांत स्वभाव नियमित कप्तान विराट कोहली से बिल्कुल उल्टा है, जो हमेशा जोश और जुनून से भरे रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में सेंचुरी बनाने के साथ अच्छी कप्तानी के लिए भी रहाणे की तारीफ की जा रही है।

शास्त्री ने दूसरे टेस्ट में आठ विकेट से मिली जीत के बाद कहा, 'वह काफी चालाक कप्तान है और खेल को बखूबी पढ़ता है। उसके शांत स्वभाव से नए खिलाड़ियों और गेंदबाजों को मदद मिली। उमेश के नहीं होने के बावजूद वह परेशान नहीं हुआ।' शास्त्री से रहाणे और कोहली की कप्तानी की शैली में फर्क के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा, 'दोनों खेल को बखूबी समझते हैं। विराट काफी जुनूनी है जबकि अजिंक्य शांत है। विराट आक्रामक है जबकि अजिंक्य चुपचाप तैयारी करता है, लेकिन उसे पता है कि वह क्या चाहता है।'

AUSvIND | **शोएब अख्तर ने टीम इंडिया की तारीफ**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मारा जैसे किसी को बोरे में बंद करके मारते हैं: शोएब अख्तर

शोएब अख्तर ने मेलबर्न में जीत के बाद भारतीय टीम की तारीफकी है। अख्तर ने कहा है कि भारतीय टीम ने कमाल का जज्बा दिखाया। उन्होंने कहा कि पहला मैच हारने के बाद भारत ने जिस तरह की वापसी की वह काबिले तारीफहै।

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय टीम की तारीफकी है। उन्होंने कहा कि ऐडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में 36 रन पर आउट होने के बाद भारतीय टीम में मेलबर्न में जबर्दस्त वापसी की। उन्होंने कहा रोहित, विराट और शमी के बिना भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफमेलबर्न में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मारा है जैसे बोरी में बंद कर मारते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने अपने दमदार चरित्र का प्रदर्शन किया। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर अख्तर ने कहा, 'टीम के स्टार खिलाड़ी नहीं थे लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आगे आकर जज्बा दिखाया।' उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की बैंच स्ट्रेंथ भी कमाल है। अख्तर ने कहा कि एक क्रिकेटर होने के नाते उन्हें भारतीय टीम पर गर्व है।

अख्तर ने टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे की भी तारीफकी। उन्होंने कहा, 'रहाणे ने खामोशी के साथ कप्तानी की, खामोशी के साथ गेंदबाजी में परिवर्तन किए लेकिन उसकी कामयाबी आज शोर मचा रही है।'

उन्होंने कहा कि मोहम्मद सिराज के पिता का निधन हो गया लेकिन वह उन्हें देख नहीं पाए। उन्होंने अपना गुस्सा और जज्बात गेंद पर दिखाए और पांच विकेट लिए। अख्तर ने शुभमन गिल को आने वाले वक्त का बड़ा बल्लेबाज बताया। साथ ही रविंद्र जडेजा की भी तारीफकी जिन्होंने खेल के हर आयाम में अपनी भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया पहला मैच जिस तरह हारी वह हौसला तोड़ने वाली थी लेकिन यहां से टीम गिरी नहीं बल्कि उठ खड़ी हुई। उन्होंने कहा कि यही टीम की सबसे अच्छी बात रही।

अख्तर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम को समझ नहीं आ रहा होगा कि आखिर उनके साथ क्या हो गया। अख्तर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खेमे में यह विचार चल रहा होगा कि हमने भारत को पहले मैच में इतनी बुरी तरह हराया था और इस मैच में हमारे साथ यह पलटवार कैसे हो गया। उन्हें ऐसा लग रहा होगा जैसे कोई किसी को अंधेरे में थप्पड़ मार जाता है। अख्तर ने कहा कि उन्हें टीम इंडिया पर गर्व है।

भारत से हारने के बाद आईसीसी ने कंगारू टीम पर लगाया भारी जुर्माना

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप प्वॉइंट टेबल में भी नुकसान

नई दिल्ली। भारत ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए चार मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में कंगारू टीम को आठ विकेट से पीटकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह हार दोहरा झटका साबित हुई क्योंकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया टीम पर धीमी गति से ओवर रेट बनाए रखने के लिए 40 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में भी टॉप पर काबिज कंगारू टीम के चार प्वॉइंट काटे गए हैं।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था और पहली पारी में महज 195 रन बना सका। जवाब में भारत ने पहली पारी में 326 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 200 रनों पर सिमटी और भारत ने दो विकेट पर 70 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। अजिंक्य रहाणे ने इस मैच में पहली पारी में सेंचुरी ठोकी और दूसरी पारी में 27 रन बनाकर नॉटआउट लौटे और उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। नियमित कप्तान विराट कोहली एडिलेड टेस्ट मैच के बाद पैटरनिटी लीव पर स्वदेश लौट गए थे, ऐसे में क्रिकेट पंडितों का मानना था कि टीम इंडिया सीरीज में 0-4 हारेगी, लेकिन टीम ने सबको गलत साबित करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस मैच में डेब्यूटेंट शुभमन गिल ने नॉटआउट 35 और 45 रन की पारियां खेलीं, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने मैच में पांच विकेट लिए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मैच के बाद दोनों की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे सभी खिलाड़ियों पर गर्व है। मैं सिराज और गिल को श्रेय देना चाहूंगा।

आर्च ब्रिज और स्मार्ट रोड समेत पांच बड़े प्रोजेक्ट का लोकार्पण

भोपाल को सौगात: बोले- भोपाल को मॉडल शहर बनाना है

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से किए गए हैं निर्माण

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्मार्ट रोड और आर्च ब्रिज समेत शहर के प्रमुख पांच प्रोजेक्ट का श्रुरू शिवराज ने मंगलवार को लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भोपाल मध्य प्रदेश ही नहीं देश का मॉडल शहर बनाना है, ये विकास कार्य उसी तारतम्य में कराए गए हैं। सीएम ने पांचों प्रोजेक्ट का मौके पर पहुंचकर लोकार्पण किया। उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, तमाम मंत्री और सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर मौजूद रहीं। सबसे पहले उन्होंने स्मार्ट रोड और फिर स्मार्ट पार्क का लोकार्पण किया। इसके बाद जाटखेड़ी स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन और शिरीन नदी पर तैयार एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की शुरुआत की जाएगी। सबसे आखिर में दोपहर 2 बजे से सीएम ने आर्च ब्रिज का लोकार्पण करने पहुंचे हैं। यहां मुख्यमंत्री चौहान का संबोधन चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत से तैयार किए गए हैं। उधर, स्मार्ट रोड सड़क के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्रीय विधायक होने के बावजूद कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण नहीं दिया गया। स्मार्ट रोड के उद्घाटन के समय पीसी शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए। उन्हें मनाने के लिए प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा भी बैठ गए। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्मार्ट रोड का उद्घाटन करेंगे।

इन प्रोजेक्ट्स की मिलेगी सौगात

स्मार्ट पार्क

भारत माता चौराहा से पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित स्मार्ट रोड के पास लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से 11 एकड़ में बनाया गया है। पार्क में पहुंचने के लिए 3.6 मीटर चौड़ा पाथवे बनाया है। पार्क के लगभग 24 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में सिटी फॉरेस्ट और साढ़े चार हजार वर्गमीटर का क्षेत्र पार्किंग बनाई गई है।

स्मार्ट रोड

स्मार्ट सिटी कंपनी के पेन सिटी प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश की पहली स्मार्ट रोड भारत माता चौराहा से पॉलीटेक्निक चौराहा तक बनाई गई है। सड़क की कुल लंबाई 2.2 किमी है। इसकी लागत 43 करोड़ रुपए है। इसके अलावा दो मीटर की यूटीलिटी डक्ट बनाई गई है। सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट पोल, साइकिल ट्रैक व फुटपाथ भी बनाया गया है।

जाटखेड़ी में कचरा ट्रांसफर स्टेशन

स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा जाटखेड़ी में कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया है। इसमें ठोस अपशिष्ट निष्पादन के लिए तीन आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। इस कचरा ट्रांसफर स्टेशन से साकेत नगर, शक्ति नगर और बागमुगालिया और आसपास के रहवासियों को फायदा होगा। नवनिर्मित ट्रांसफर स्टेशन में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग किया जाएगा।

रानी कमलापति आर्च ब्रिज

स्मार्ट सिटी कंपनी की पेन सिटी योजना के तहत छोटे तालाब पर गिन्नौरी से किलोल पार्क क्षेत्र को जोड़ने वाले ब्रिज का निर्माण किया गया है। ब्रिज की कुल लंबाई 200 मीटर है। दोनों ही ओर कुल 534 मीटर की अप्रोच रोड बनाई गई है। ब्रिज की चौड़ाई 10.75 मीटर और आर्च की उंचाई 30 मीटर है।

भोपाल में लव जिहाद का मामला

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले- पीड़ित को न्याय दिलाने नए कानून के तहत केस चलेगा; कानून के जानकारों ने कहा- यह संभव नहीं

जिस समय घटना होती है, उस समय का कानून लगता है

नए प्रावधान लागू होने के बाद अपराध होने पर ही ऐसा होता है

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। भोपाल में धर्म छिपाकर 23 साल की हिंदू लड़की से शादी करने के मामले में कोलार पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामला सामने आने के एक दिन बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। अगर मामला लव जिहाद का निकला तो नए कानून के तहत मामला चलाया जाएगा।

हालांकि इसके उलट कानून के जानकारों का कहना है कि ऐसा संभव नहीं है। घटना के समय जो कानून होता है उसी के तहत प्रकरण बनता है। नए कानून लागू होने के बाद होने वाले अपराध पर लागू होता है।

आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है आरोपी

कोलार पुलिस के अनुसार कोलार में नदी के पास बने मंदिर में दो दिन पहले एक शादी होने की सूचना मिली थी। लोगों का कहना था कि एक मुस्लिम लड़का जानकारी छिपाकर हिंदू लड़की से शादी कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच के लिए लड़के का आई कार्ड मांगा। आरोपी ने आधार कार्ड दिखाया। इसमें उसका नाम रवि यादव लिखा हुआ था। यह कार्ड उसने मंडीदीप से बनाया था।

जांच में सामने आया कि आरोपी का नाम मोहम्मद रफीक है। वह 28 साल का बताया जाता है। घटना स्थल मंडीदीप होने के कारण पुलिस ने मंडीदीप पुलिस को सूचना दी, लेकिन वे इसे लेने के लिए तैयार नहीं थे। ऐसे में कोलार पुलिस ने शून्य पर धोखाधड़ी की धाराओं में कायमी कर केस डायरी मंडीदीप पुलिस को भेज दी।

मददगार बन धोखा दिया

उसने 23 साल की लड़की को झांसा देने के लिए अपना नाम और धर्म बदल लिए थे। उसने युवती व उसके परिवार को बताया था कि वह झाड़-फूंक कर कई लोगों को ठीक कर चुका है। इसी झांसे में आकर युवती उससे अपने पैर का इलाज करवाने लगी थी। पिछले दिनों उसने प्रेम का इजहार करने के बाद शादी का प्रस्ताव रखा था।

घर वालों ने जब अपनी सहमति दे दी तो दो दिन पहले मंदिर में शादी की बात तय की गई। शादी के लिए रवि यादव उर्फ मोहम्मद रफीक तथा युवती व उसके परिवार वाले मंदिर पहुंच गए थे। इसी दौरान एक धार्मिक संगठन के लोग वहां पर पहुंच गए तथा उन्होंने युवक के असली धर्म की बात का खुलासा कर दिया।

नए कानून में मामला चलने का सवाल ही नहीं

उच्च न्यायालय के सीनियर वकील पंकज दुबे का कहना है कि कानून के मुताबिक अपराध या घटना के समय चलने वाले कानून के तहत ही एफआईआर होती है। इसमें वही धाराएं लगाई जाती हैं, जो उस समय तक उसके प्रावधानों में है। अगर कोई नया कानून बनता है, तो उसका गजट नोटीफिकेशन होने के बाद वह लागू होता है। उसके लागू होने के बाद ही जो घटनाएं और अपराध होंगे वह इसके नए कानून के दायरे में आएंगे। पुराने अपराध पुराने कानून के अनुसार ही चलेंगे।

मप्र में ठंड ने पकड़ा जोर

ग्वालियर और दतिया में पारा 4 से नीचे आया; 14 जगहों पर न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से कम रहा, जबलपुर में कोहरा

भोपाल और इंदौर में पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक आया

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। जम्मू-कश्मीर व अन्य पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण अब मध्यप्रदेश में ठंड ने जोर पकड़ लिया है। ग्वालियर और दतिया में इसका सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। यहां पर रात का पारा 4 डिग्री से भी नीचे लुड़क गया, जबकि मंगलवार सुबह जबलपुर में कोहरे के कारण दृश्यता 500 मीटर तक रह गई। हालांकि इसके अलावा कहीं भी कोहरा नहीं रहा।

इंदौर और भोपाल में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक आ गया। प्रदेश के 14 स्थानों पर तापमान 4 डिग्री से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा के अनुसार अब यह स्थिति 2 से 3 जनवरी तक बनी रहने की उम्मीद है।

ग्वालियर में पारा 6.6 डिग्री गिरा

प्रदेश में ग्वालियर में रात के पारे में सबसे ज्यादा गिरावट रही। यहां पर यह सामान्य से 6.6 डिग्री नीचे आकर 3.8 पर रुक गया, जबकि दतिया में सोमवार-मंगलवार की रात सबसे सर्द रही। यहां पर पारा 3.2 डिग्री तक लुड़क गया। टीकमगढ़ में भी न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री गिरकर 5.7 डिग्री तक रहा। कुछ जगहों को छोड़ दिया जाए तो 20 से ज्यादा जगहों पर रात का पारा सामान्य से नीचे रहा। प्रदेश के छह जगहों पर रात का पारा 10 डिग्री से अधिक रहा। इसमें बैतूल, जबलपुर, होशंगाबाद, छिंदवाड़ा, सीधी और नरसिंगपुर हैं।

बिगड़ सकता है बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट, नए पैटर्न के हिसाब से नहीं बचा तैयारियों का समय

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ओर बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के पैटर्न को बदलने का निर्णय 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर भारी पड़ सकता है। बोर्ड ने कटौती के बाद नवम्बर में सिलेबस तय किया तो दिसम्बर में परीक्षा पैटर्न बदलने की घोषणा कर दी। परीक्षाओं में लगभग तीन महीने का समय बचा है, ऐसे में विद्यार्थियों को नए पेटर्न के अनुसार तैयारी करने का समय नहीं मिल पाएगा। इससे बोर्ड का रिजल्ट बिगड़ सकता है। बाल आयोग ने इस सम्बंध में संज्ञान लेते हुए सरकार को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के पैटर्न में बदलाव करते हुए तय किया है कि, दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के बजाए लघु उत्तरीय प्रश्न अधिक रहेंगे। वहीं बहुविकल्पीय प्रश्न भी पूछे जाएंगे। तार्किक प्रश्नों की संख्या भी बढ़ाई जाएंगी। ऐसा होने से अलग-अलग पाठों से आने वाले नम्बरों का गणित गड़बड़ा गया है। पहले यह तय होता था कि किस पाठ से पांच, किससे तीन नम्बर के सवाल आएंगे। ऐसे में शिक्षक लघु और दीर्घउत्तरीरय प्रश्नों का अंदाजा लगाकर उसके अनुसार विद्यार्थियों की तैयारी कराते थे। दीर्घउत्तरीय प्रश्न हटने के बाद अंकों का गतिण गड़बड़ा गया है। बोर्ड ने 22 दिसम्बर को नया ब्लू प्रिंट जारी किया है।

उपभोक्ता बिजली कंपनी के एफओसी वाहन के द्वारा भी सर्विस केबल बदलवा सकेंगे

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को घर पहुँचकर सर्विस केबल बदलने की सुविधा उपलब्ध करा दी है। उपभोक्ता चाहें तो बिजली कंपनी की मदद से बिजली खंभे से मीटर तक अपनी सर्विस केबल बदलवा सकेंगे। दरअसल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कॉल सेन्टर में अक्सर ऐसी शिकायतें प्राप्त होती हैं कि विद्युत अवरोध हो गया है घर में लाइट नहीं है। उपभोक्ता कॉल सेन्टर में फोन करते हैं तो कॉल सेन्टर का एफओसी वाहन लाइनकर्मी के साथ विद्युत अवरोध दूर करने के लिए जांच करते हैं। मालूम होता है कि संबंधित उपभोक्ता की सर्विस केबल डेमेज है। ऐसी अवस्था में विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ता की सर्विस लाइन एफओसी स्टॉफ द्वारा बदलने की सुविधा प्रदान कर दी है।आकस्मिक परिस्थिति में उपभोक्ता की सप्लाई चालू करने के लिए उपभोक्ता को यह विकल्प दिया गया है कि यदि वे अपनी सर्विस केबल एफओसी दल से बदलवाना चाहते हैं तो निर्धारित मापदंड के अनुसार एस.ओ.आर. रेट तथा सर्विस चार्ज जिसकी भुगतान राशि संबंधित माह के बिल राशि में जोड़कर देय होगी का सहमति पत्र भरने के उपरांत अपने बिजली कनेक्शन के सर्विस केबल बदलवाने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

850 पेड़ों की शिफ्टिंग शुरू, लगाने थे 20 फीट दूर, 2-5 फीट पर ही लगा रहे

स्मार्ट सिटी एबीडी एरिया के पेड़ों की शिफ्टिंग का मामला

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए टीटी नगर से उखाड़े पेड़ों को चंदनपुरा, कलियासोत क्षेत्र में शिफ्ट करने की कवायद सोमवार से शुरू हुई। 850 पेड़ों को शिफ्ट करना है, जिसमें 50 को रोप दिया गया। ये काम स्मार्टसिटी ने डीएम मार्केटिंग कंपनी को दिया, लेकिन कंपनी ने काम दिल्ली की रोहित नर्सरी को दिया। प्रोजेक्ट सुपरवाइजर अभिमन्यु बताते हैं कि पथरिली जगह होने से खुदाई में मुश्किल है। हम पेड़ों की एक साल तक रखरखाव करेंगे, लेकिन सर्वाइवल रेट नहीं बता सकते।

पेड़ों के रोपण की स्थिति पर्यावरणविद सुभाष सी पांडेय ने एक्टिविस्ट राशिद नूर खान के साथ मौका मुआयना किया। पांडेय का कहना है कि ये बड़े पेड़ हैं और यदि जीवित रहते हैं तो फैलने बढने के लिए जगह चाहिएगी, लेकिन दो से पांच फीट की दूरी में तो पेड़ जीवित ही नहीं बच पाएंगे।

एबीडी के लिए काटे जा चुके हैं 4000 पेड़

स्मार्टसिटी ने 4000 पेड़ों को काट दिया। शहर के बड़े हरियाली वाले हिस्से की कटाई पर विरोध और विवाद शुरू हुए। मामला एनजीटी पहुंचा तो बचे पेड़ों की शिफ्टिंग तय हुई। अब शिफ्टिंग हो रही, लेकिन वैज्ञानिक पद्धति से नहीं, इसमें एक्सपर्ट शामिल नहीं है, इससे पेड़ों के जीवित रहने का दावा नहीं किया जा रहा। इस काम के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि तय है।

पहले फेल हो चुकी है ट्री शिफ्टिंग

बीआरटीएस प्रोजेक्ट के तहत होशंगाबाद रोड पर काटे गए पेड़ों में से 150 को बचाने तत्कालीन निगमायुक्त मनीष सिंह ने ट्री शिफ्टिंग की कोशिश की। इंदौर के एक्सपर्ट प्रेम जोशी के माध्यम से शिफ्टिंग कराई गई। ये पेड़ होशंगाबाद रोड पर नटराज मंदिर समेत मिसरोद श्मसान व अन्य स्थानों पर रोपे गए थे, लेकिन अब इनमें से एक भी जीवित नहीं है।

एक पेड़ पर 15 हजार रुपए तक खर्च

एबीडी के एक पेड़ की शिफ्टिंग पर 12 से 15 हजार रुपए तक खर्च होते हैं। इसी आधार पर कंपनी भुगतान लेगी। बावजूद इसके प्रोजेक्ट के सुपरवाइजर अभिमन्यु का कहना है कि पेड़ जीवित कितने बचेंगे नहीं कह सकते। उनका कहना है कि पेड़ की प्रजाति, कितनी गहराई तक रोपण हुआ और क्या ट्रीटमेंट दिया, इसपर ही लागत तय होगी।

इसलिए कोहरे का असर नहीं

मध्यप्रदेश में सीजन में इस बार सामान्य से 35 प्रतिशत तक कम पानी गिरा; कोहरे के लिए नमी और बारिश होना जरूरी

पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत से 58 प्रतिशत कम पानी गिरा

पूर्वी मध्य प्रदेश में यह 33 प्रतिशत से भी कम रहा

भोपाल (नवप्रदेश)।

भोपाल। मध्यप्रदेश में इस सीजन में अब तक औसत से काफी कम बारिश हुई है। मध्य प्रदेश के कई इलाकों में तो यह सामान्य से काफी कम रही। इस कारण मौसम विभाग के दिसंबर में कड़ाके की ठंड होने की उम्मीद जताने के बाद भी अब तक ठंड का उतना एहसास नहीं हो सका है। इसी कारण कोहरा भी नहीं पड़ा। इसका मुख्य कारण दिन और रात के तापमान का सामान्य के आसपास रहना है। इसके साथ ही तीन कारणों से कोहरा ज्यादा असरकारी नहीं हो पा रहा है। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा के अनुसार कोहरे के लिए तीन बातों का होना जरूरी है। अगर इनमें से एक भी नहीं होती है, तो फिर कोहरा नहीं पड़ता है। इसमें सबसे अहम बारिश और नमी का होना है। इसके कारण ही कोहरा बनता है। इससे हवाएं भारी होने से ऊपर नहीं उठ पाती और वह नीचे ही रहती हैं, जिससे कोहरा और धुंध की स्थिति निर्मित हो जाती है। हवाएं अगर तेज गति से चलती है तो वह कोहरा साफ कर देती है। इसी कारण कोहरा नहीं बन पाता है। साहा के अनुसार नमी नहीं आने से और तेज हवाओं के कारण अभी की स्थिति में कोहरा नहीं बन पा रहा है।

साहा ने बताया कि बीच में अरब सागर से आने वाली नमी के कारण कोहरा रहा था। अरब सागर से लगातार नमी आने के कारण कुछ दिन तक भोपाल समेत प्रदेश भर में कोहरे की स्थिति रही थी।

संपादकीय

कोरोना के नए स्ट्रेन से हड़कंप

भारत में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन की एंट्री से हड़कंप मच गई है। इंग्लैंड में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन मिलने से दुनिया के कई देशों में दहशत फैल गई है क्यों कि इंग्लैंड से गए लोग वहां भी कोरोना वायरस के संवाहक बन गए है। भारत में भी 25 नवंबर से 23 दिसम्बर के बीच लगभग 30,000 यात्री ब्रिटेन से भारत आए है, इन सभी यात्रियों को ट्रैक कर के उनका टेस्ट कराने की कवायद की जा रही है। इस जांच के दौरान 6 लोग कोरोना के नए स्ट्रेन के शिकार पाए गए है। इन लोगों में इंग्लैंड से आने के बाद से जिन जिन लोगों से संपर्क किया है उनकी पतासाजी कर उनकी भी जांच की जा रही है, इस बीच इंग्लैड से राजस्थान आए 14 लोग लापता हो गए है। यदि वे कोरोना संक्रमित पाए गए तो बड़ी संख्या में वे लोगों को संक्रमित कर सकते है, इन 14 लोगों की भी खोजबीन की जा रही है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस का यह नए स्ट्रेन 70 गुना अधिक तेजी से फैलता है, यदि इसका भारत में संक्रमण फैला तो गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। भारत में पहले ही कोरोना वायरस का कहर बदस्तूर जारी है यह बात अलग है कि अब कोरोना वायरस से ग्रसित लोगों की संख्या में कमी आ रही है और रिकवरी रेट भी बढ़ता जा रहा है लेकिन कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से एक बार फिर स्थिति बेकाबू होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। 130 करोड़ की आबादी वाले भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं पहले ही बदहाल है ऐसे में यदि यह घातक वायरस फैलता है तो चिकित्सा संस्थानों पर अतिरिक्त भार पड़ सकता है। इस वजह से केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बार फिर कड़े दिशा निर्देश जारी किए है और जिन राज्यों में कोरोना वायरस के ज्यादा मामले है वहां उन दिशा निर्देशों की अवधि 30 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के खतरों के मद्देनजर रख कर इन दिशा निर्देशो का कड़ाई पूर्वक पालन कराएं। घर से बाहर निकलने वाले सभी लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य करें और सोशल डिस्टेंसिंग का कठोरता पूर्वक पालन किया जाएं। केन्द्रिय स्वास्थय मंत्रालय के निर्देश पर कुछ राज्यों के कई जिलों में कड़ाई की जा रही है जहां भीड़ बढ़ाने वाले धार्मिक राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर 30 जनवरी तक रोक लगा दी गई है और ऐसे सभी कार्यक्रमों में अधिकतम 200 लोगों की उपस्थिति तय की गई है। ऐसे कड़े नियम कायदे पूरे देश में लागू किए जाने चाहिए तभी कोरोना वायरस से नए स्ट्रेन से बच पाना संभव होगा।

विचार

व्यर्थ है यूपीए के नेता पर बहस

दिक्कत यह है कि राष्ट्रीय राजनीति को एनडीए और यूपीए के दो परस्पर विरोधी खेमों के रूप में समझने का दौर पीछे छूट चुका है। एसपी, बीएसपी, तृणमूल, बीजेडी, टीआरएस और वाईएसआरसी जैसी बड़ी ताकतें दोनों गठबंधनों के बाहर हैं, और आगे भी इनमें जाने का उनमें कोई रुझान नहीं है। लंबे अर्से बाद विपक्षी खेमे में एकजुटता को लेकर चर्चा सुनाई पड़ी है। बात अब तक अनौपचारिक थी, पर महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही शिवसेना ने यह कहकर इसे औपचारिक रूप दे दिया कि शरद पवार यूपीए चेयरपर्सन पद के ज्यादा काबिल हैं। अभी इस पद पर सोनिया गांधी हैं, जिनका स्वास्थ्य साथ नहीं दे रहा। कहा जा रहा है कि पवार यूपीए की कमान संभाल लें तो एनडीए से अलग हो चुकी, पर कांग्रेस के साथ असहज महसूस करने वाली अकाली दल जैसी पार्टियां भी यूपीए का हिस्सा बन सकती हैं। इससे सत्तारूढ़ एनडीए के सामने एक मजबूत यूपीए को खड़ा करना आसान होगा।

विपक्षी खेमे की यह सुगबुगाहट पहली नजर में उम्मीद जगाती है, क्योंकि इसकी चिंता चुनावी गठबंधन से ज्यादा दीर्घकालिक विपक्षी एकता जान पड़ती है। दिक्कत यह है कि राष्ट्रीय राजनीति को एनडीए और यूपीए के दो परस्पर विरोधी खेमों के रूप में समझने का दौर पीछे छूट चुका है। एसपी, बीएसपी, तृणमूल, बीजेडी, टीआरएस और वाईएसआरसी जैसी बड़ी ताकतें दोनों गठबंधनों के बाहर हैं, और आगे भी इनमें जाने का उनमें कोई रुझान नहीं है। एनडीए की बात करें तो वह बीजेपी की ही कोशिशों से लुप्तप्राय हो रहा है। एजीपी, शिवसेना और अकाली दल जैसे इसके पुराने घटक दल इससे अलग हो चुके हैं। जेडीयू न केवल बिहार में सिकुड़ कर आधा हो गया है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश में सात में से छह विधायक बीजेपी द्वारा तोड़ लिए जाने का असर एनडीए से उसके रिश्तों पर कैसा पड़ता है, यह देखा जाना बाकी है। ऐसे में आज के एनडीए को बीजेपी का हल्का सा विस्तार भर मानना होगा। रही बात यूपीए की तो उसके घटकों की हालत और बुरी है। डीएमके के अलावा इनमें एक का भी बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ कोई कड़ा बयान खोजना मुश्किल है। ध्यान रहे कि एनसीपी नेता शरद पवार को यूपीए चेयरपर्सन बनाकर विपक्षी एकता सुनिश्चित करने की चिंता सबसे ज्यादा शिवसेना की है, जो केवल मुख्यमंत्री पद को मुद्दा बनाकर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनी है। हिंदुत्व समेत तमाम बड़े मुद्दों पर उसके विचार बीजेपी जैसे ही हैं। अकाली दल का हाल तो और भी बुरा है, जिसे नए कृषि कानूनों का संसद में समर्थन करने के बाद जनदबाव में सरकार से अलग होना पड़ा। ऐसी पार्टियां मोदी सरकार की आलोचना करती हैं, तो इससे नीतियों का विरोध नहीं जाहिर होता। लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत उसकी भौकाल से नहीं, विकल्प देने की उसकी क्षमता से तय होती है।

इसलिए बेहतर होगा कि तमाम नए-पुराने विपक्षी दल पहले जनता

भूकम्प के झटकों से कांपती दिल्ली

योगेश कुमार गोयल

> हाईकोर्ट की पीठ ने प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि दिल्ली सरकार तथा नगर निगम की कोई कार्ययोजना है तो वह इसके संबंध में आम जनमानस को बताएं ताकि वे इस गंभीर समस्या के लिए खुद को तैयार कर सकें। दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ महीनों में आए भूकम्प के झटके भले ही रिक्टर पैमाने पर कम तीव्रता वाले रहे हों किन्तु भूकम्प पर शोध करने वाले इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मान रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक संभव है कि दिल्ली एनसीआर में आ रहे हल्के भूकम्प किसी दूरस्थ इलाके में आने वाले बड़े भूकम्प का संकेत दे रहे हों। राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान केन्द्र के निदेशक (ऑपरेशन) जे एल गौतम के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फाल्ट लाइन, मथुरा फाल्ट लाइन तथा सोहना फाल्ट लाइन मौजूद है और जहां फाल्ट लाइन होती है, भूकम्प का अधिकेन्द्र वहीं पर बनता है। उनका कहना है कि बड़े भूकम्प फाल्ट लाइन के किनारे ही आते हैं और केवल दिल्ली ही नहीं, पूरी हिमालयन बेल्ट को भूकम्प से ज्यादा खतरा है।

देश की राजधानी दिल्ली में अप्रैल माह के बाद से बार-बार भूकम्प के झटके महसूस किए जा रहे हैं। 17 दिसम्बर को देर रात इस क्षेत्र में 4.2 तीव्रता का भूकम्प आया था, हालांकि उससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। अब एक सप्ताह के भीतर 25 दिसम्बर की सुबह करीब पांच बजे दिल्ली में रिक्टर पैमाने पर 2.3 तीव्रता के भूकम्प से दिल्ली फिर कांपी। दिसम्बर की शुरूआत में भी 2 दिसम्बर की सुबह दिल्ली-एनसीआर में 2.7 तीव्रता के भूकम्प के झटके महसूस किए गए थे। पिछले छह महीनों में ही उत्तर भारत में कई हल्के भूकम्प आए हैं, जो हिमालय क्षेत्र में किसी बड़े भूकम्प की आशंका को बढ़ा रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसे कई छोटे भूकम्प बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। यही कारण है कि अप्रैल के बाद से दिल्ली-एनसीआर में भूकम्प के बार-बार लग रहे झटके चिंता का सबब बने हैं। इस अंतराल में इस क्षेत्र में भूकम्प के करीब डेढ़ दर्जन झटके लग चुके हैं। बार-बार लग रहे भूकम्प के झटकों के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर इलाके में आने वाले दिनों में किसी बड़े भूकम्प का अनुमान लगाया जा रहा है। पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में 6 तीव्रता का भूकम्प भी यहां भारी तबाही मचा सकता है।

कुछ समय पहले भी वैज्ञानिक हिमालय में बड़े भूकम्प की आशंका जताते हुए कह चुके हैं कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में सिलसिलेवार भूकम्पों के साथ कभी भी बड़ा भूकम्प आ सकता है, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर आठ या उससे भी अधिक हो सकती है। इससे हिमालय के आसपास घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भारी तबाही मच सकती है और दिल्ली भी इसकी जद में होगी। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के पूर्व प्रमुख डा. ए के शुक्ला के अनुसार दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकम्प आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर सात या इससे अधिक तीव्रता का भूकम्प आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि ऐसा भीषण भूकम्प कब आएगा, इस बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कोई सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। दरअसल भूकम्प के पूर्वानुमान का न तो कोई उपकरण है और न ही कोई मैकेनिज्म। दिल्ली में बड़े भूकम्प के खतरे को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग के भूकम्प रिस्क असेसमेंट सेंटर द्वारा कुछ माह पूर्व ही दिल्ली-एनसीआर में इमारतों के मानक में शीघ्रातिशीघ्र बदलाव किए जाने का परामर्श दिया जा चुका है। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आ रहे भूकम्पों को लेकर अध्ययन चल रहा है। उनका कहना है कि इसके कारणों में भू-जल का गिरता स्तर भी एक प्रमुख वजह सामने आ रही है, इसके अलावा अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दिल्ली की ऊंची-ऊंची आलीशान इमारतें और अपार्टमेंट किसी बड़े भूकम्प को झेलने की स्थिति में हैं? विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में बार-बार आ रहे भूकम्प के झटकों से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर के फॉल्ट इस समय सक्रिय हैं और इन फॉल्ट में बड़े भूकम्प की तीव्रता 6.5 तक रह सकती है। इसीलिए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बार-बार लग रहे भूकम्प इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मानते हुए दिल्ली को नुकसान से बचने की तैयारियां कर लेनी चाहिएं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में निरन्तर लग रहे झटकों को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट भी कड़ा रूख अपना चुका है। हाईकोर्ट ने कुछ माह पूर्व दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, दिल्ली छावनी परिषद, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि तेज भूकम्प आने पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? अदालत द्वारा चिंता जताते हुए कहा गया था कि सरकार और अन्य निकाय हमेशा की भांति भूकम्प के झटकों को हल्के में ले रहे हैं जबकि उन्हें इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। अदालत का कहना था कि भूकम्प जैसी विपदा से निपटने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि भूकम्प से लाखों लोगों की जान जा सकती है। कुछ दिनों बाद मुख्य न्यायमूर्ति डीएन पटेल तथा न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने भी दिल्ली में भूकम्प के झटकों से इमारतों को सुरक्षित रखने के संबंध में बनाई गई योजना को लागू करने में असफल होने पर दिल्ली सरकार को लताड़ लगाई थी। दिल्ली सरकार तथा एमसीडी द्वारा दाखिल किए गए जवाब पर सख्त टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा था कि भूकम्प से शहर को सुरक्षित रखने को लेकर उठाए गए कदम या प्रस्ताव केवल कागजी शेर हैं और ऐसा नहीं दिख रहा कि एजेंसियों ने भूकम्प के संबंध में अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन किया हो। अदालत को ऐसी टिप्पणियां करने को इसलिए विवश होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली-एनसीआर भूकम्प के लिहाज से काफी संवेदनशील है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। इसीलिए अदालत को कहना पड़ा है कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा बल्कि सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ठोस काम करने की जरूरत है। दरअसल वास्तविकता यही है कि पिछले कई वर्षों में भूकम्प से निपटने की तैयारियों के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हुई है।



उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2015 में मुख्य याचिका दायर करते हुए कहा था कि भूकम्प के लिहाज से दिल्ली की इमारतें ठीक नहीं हैं और तीव्र गति वाला भूकम्प आने पर दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों की जान जा सकती है। हाईकोर्ट में यह याचिका अभी तक लंबित है और अदालत समय-समय पर दिल्ली सरकार और नगर निकायों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देती रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कागजों पर निश्चित तौर पर बेहतर दिशा-निर्देश और अधिसूचना बनाई गई है लेकिन जमीन पर ये लागू होती दिखाई नहीं देती।

शेखावाटी के परमहंस पण्डित गणेशनारायण

रमेश सर्राफ

> महात्मा गणेश नारायणजी से संबत 1969 में पौष मास की नवमी को योग मार्ग द्वारा त्याग दिया। इनके अन्तिम संस्कार स्थल पर एक मन्दिर बना हुआ है जहां इनकी भव्य प्रतिमा स्थापित है। पास ही बिड़ला परिवार ने एक ऊंची स्तूप का निर्माण करवा दिया जिस पर संगमरमर की ब्रह्मा, विष्णु, महेश की मूर्तियां लगी हैं। चिड़ावा वासी गणेशनारायणजी को अपना नगर देवता मानते हैं। इनकी निर्वाण तिथि पर विशाल मेला लगता है जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रृद्धालु दर्शनार्थ आते हैं। जन-जन के आराध्य पंडित गणेशनारायण बावलिया बाबा का 174 वां जन्मोत्सव 31 दिसम्बर को उनकी कर्मस्थली चिड़ावा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान 31 दिसम्बर को चैरासिया मंदिर में बाबा गणेशनारायणजी की मूर्ति को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

राजस्थान का शेखावाटी क्षेत्र नामी उद्योगपतियों, बहादुर सैनिकों, भित्ति चित्रकला के लिए मशहूर हैं वहीं इस क्षेत्र में बड़े-बड़े संत-महात्माओं, फकीर- मौलवियों ने अपनी तपस्या एवं भक्ति के बल पर इस क्षेत्र की पवित्रता बनाये रखने में अति महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस श्रृंखला में सिद्ध पुरुष और भविष्यवेत्ता पण्डित गणेश नारायणजी का स्थान सर्वोपरि है। पंडित गणेशनारायण जी ना केवल ज्योतिष के अच्छे जानकार थे बल्कि वे शास्त्र, पुराणों और वेदों के अच्छे ज्ञाता थे। लोगों के जीवन की कुंडली वे उसकी शक्ल देखकर ही तैयार कर देते थे।

शेखावाटी में परमहंस नाम से विख्यात पण्डित गणेशनारायणजी बहुमुखी प्रतिमा के धनी होने के कारण कम उम्र में ही वेदों, व्याकरण, ज्योतिष में पर्याप्त ज्ञान प्राप्त कर लिया था। इनकी शादी शिक्षा पूर्ण होने से पहले हो गयी थी। शादी से कुछ समय बाद ही इन्होंने गृहस्थ से विमुख होकर स्वयं को परमहंस की अवस्था में ढाल लिया तथा नीले वस्त्र धारण करने लगे। झुंझुनू जिले के बुगाला ग्राम में सम्बत 1903 में पौष बदी एकम् को गुरुवार के दिन खंडेलवाल ब्राह्मण घनश्यामदास के घर इनका जन्म हुआ था। संबत 1917 में मात्र चैदह वर्ष की उम्र में नवलगढ़ के चतुर्भुज की लडकी यशोदा के साथ इनका विवाह सम्पन्न हुआ। नवलगढ़ में ही रह रहे अमीर शाहजादा केशरशाह से इन्होने फारसी भाषा का ज्ञान प्राप्त किया। संबत 1947 में ये चिड़ावा नगरी आये। चिड़ावा आगमन के वक्त गणेशनारायण जी पूर्ण अघोरी रूप धारण कर चुके थे।

गणेशनारायणजी भगवती दुर्गा के परमभक्त थे तथा दुर्गामंत्र का हर वक्त जाप करते रहते थे। इनके मुंह से उस वक्त जो भी बात निकल जाती वह सत्य होती। यह चमत्कार देख कई लोग इनके परमभक्त बन गये थे। वहीं कई लोग इनसे डरने लगे क्योंकि ये अनिष्ट घटने वाली घटना का भी पूर्व संकेत कर देते थे। सच्चे साधक होने के उपरान्त भी दुनिया इन्हें पागल मानती थी। ये सदैव लोगों से दूर रहने का प्रयत्न करते थे। औरत ओर बच्चे तो इनसे बहुत डरते थे क्योंकि इनकी वेशभूषा ही ऐसी थी। समाज में बहिष्कृत तथा

शास्त्रों में निषिद्ध नीले रंग के वस्त्रों का ही गणेशनारायण जी प्रयोग करते थे। ये सिले हुये कपड़े नहीं पहनते थे। ये कभी श्मशान में लोट लगाते तो कभी पास के भगीनिये जोहड़े में बैठे रहते थे। भोजन करते समय कुत्ते और कौवे भी इनके साथ खाते थे। ये कुत्तों के मुंह से टपकते तथा हंडियों में पड़े चाहे जैसे पदार्थ को बड़ी खुशी से ग्रहण करते थे। इनकी दृष्टि में किसी भी पदार्थ के प्रति घृणा नहीं थी।

एक बार सेठ जुगल किशोरजी बिड़ला इन्हें पिलानी ले जाने लगे मगर रास्ते में भगीनिये जोहड़े में आते ही गाड़ी रुक गयी और आगे नहीं बढ़ी। मजबूर होकर बिड़लाजी ने गणेशनारायणजी को वहीं उतार दिया। भगीनिये जोहड़े में पण्डितजी का विशेष स्नेह देखकर इनकी यादगार में बिड़ला ने यहां जोहड़ा खुदवाकर एक घाट बनवाया तथा उस घाट पर एक बहुत ऊँची ''गनेशलाट'' नाम की संबत 1959 में स्तूप बनवाई। इस स्तूप पर चढकर देखने से चिड़ावा व पिलानी का पूरा दृश्य साफदिखाई देता था। पण्डितजी अपने दर्शनार्थ आये भक्तजनों को प्रश्न करने से पूर्व ही उनके मन की बात बताकर उन्हें आश्चर्यचकित कर देते थे। इनकी भविष्यवाणियां कभी गलत नहीं हुई और इन्होंने जिसे भी आशीर्वाद दिया वह धन्य हो गया। पिलानी निवासी सेठ जुगलकिशोर बिड़ला से परमहंस का विशेष स्नेह था तथा इनके आशीर्वाद से ही बिड़ला परिवार उद्योग, व्यापार के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर सका। एक बार पण्डितजी ने कहा कि जुगलकिशोर जा कमाने निकल जा आज तेरा शुभ दिन है। पण्डितजी की आज्ञा मानकर सेठ कलकत्ता की ओर चल दिये। रास्ते में उसे दाहिनी तरफ फन उठाये काला सांप मिला जो शुभ शकुन था मगर सेठ उसे अपशकुन मानकर वापिस लौट आये और पण्डितजी को पूरी घटना बतायी। पण्डित जी बोले जुगलकिशोर तुझ से भारी गलती हो गयी। यदि आज चला जाता तो चक्रवर्ती सम्राट बनता। जा अब भी तू यशस्वी बनेगा। अपनी करनी बरनी बन्द मत होने देना इसे सदैव चालू रखना। बिड़ला परिवार का नाम इसी प्रकार देश के प्रमुख उद्योगपतियों में गिना गया। ऐसी चमत्कार पूर्ण बातों से परमहंस के प्रति श्रृद्धालुओं की भक्ति बढ़ती गयी। इसे भक्तजन देश के सभी भागों में रहते हैं। इनकी मनमौजी स्वभाव के कारण ही लोग इन्हें ''बावलिया'' संत के नाम से भी पुकारते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सपने दिखा दिखा

सपने दिखा दिखा के जीने को मजबूर कर दिया अब आएँगे अब आयेंगे जिंदगी को इंतजार कर दिया.! पलकों में आँसू देकर दिल को नम करके सभी मौसमों को सावन कर दिया.! दिल ने तुमको अपना कहा तुम अपने बने ऐसे सारी दुनिया से पराया कर दिया. अब आएँगे अब आयेंगे जिंदगी को इंतजार कर दिया।

- अर्चना खण्डेलवाल

ये साल का अंतिम

ये साल का अंतिम महीना भी अब यहां ढलने वाला है आये उम्मीदें लेकर नया साल मगर घंटा कुछ न बदलने वाला है विपक्ष और मीडिया लाख चिल्लाये अकडू के आगे दाल न गलने वाला है देखना नये साल के बहाने वो नये वादों से हमें छलने वाला है।

- संत आर थवाईत

खास पाती

वक्त का पहिया कभी नही



वक्त का पहिया कभी नही थमता। आगे ही आगे बढ़ती जाती है। साँसों की रेल गाड़ी पीछे छूटते रहते है उम्र के स्टेशन। जिंदगी के सफर में दु:ख के ठहराव आते है कभी -कभार सुख के जंक्शन भी।लेकिन सच कुछ और है कि दु:ख और सुख कुछ होता ही नही है। ऐसे ही वक्त अच्छा या बुरा नही होता। हम अपने मन में बुनते है ये ख्याल और वही महसूस करते है- बेहतर और खराब बक्त।।

- हेमा पाण्डेय

उल्फ़त में बहकेगा कौन हद को



उल्फ़त में बहकेगा कौन। हद को पार करेगा कौन।। दिल का रस्ता खोल दिया। हौले से उतरेगा कौन।। चाँद तुम्हें कह दूँ लेकिन। तुमसे दूर रहेगा कौन।। सोचो ग़र हम जुदा हुए। तो ज्यादा तड़पेगा कौन।। रीते काग़ज़ सा जीवन। अपने रंग भरेगा कौन।। नदिया सी प्रीती कर के। सागर में डूबेगा कौन।। महफ़िल अनिल अदीबों की। तुमको पहचानेगा कौन।

- अनिल शर्मा

माँ कब आओगी... ये ठंड भी क्यु

माँ कब आओगी... ये ठंड भी क्यु आती हैं हमे बहुत सताती हैं माँ तेरी याद बहुत आती हैं छुपा लेती थी आँचल में हमको सर्द हवाओं से बचा जाती थी तेरे उस आँचल में वो बात थी सर्द रातों मे हमे गर्मी दे जाती थी आज भी निहारती अपलक आंखे हमारी कभी तो पास हमारेआओगी अपने आँचल में छिपा जाओगी जमाना हुआ सर्द/बेदर्द उनसे बचा जाओगी उनसे बचा जाओगी।

- शत्रुंजय तिवारी

गुनगुनी सी धूप बनकर जब

गुनगुनी सी धूप बनकर जब बिखर जाती हूँ मैं रूह उसकी बनके साया मुझ तलक आती तो है मेरे माथे को लपक कर चूम लेता है कभी सुबह जब ये सोचती हूँ नींद शर्माती तो है।

- मनीषा सक्सेना

उतार चढ़ाव ज़िन्दगी का हिस्सा है

उतार चढ़ाव ज़िन्दगी का हिस्सा है कई बार आप उनकी नजरों में भी कमतर आंके जाते हैं जिनके दिन की शुरुआत आपको याद कर के हुआ करती थी सौ बात की एक बात यह है कि - आप ताउम्र किसी के हीरो नहीं बने रह सकते.....।

- संतोष कुमार मिश्रा

लोगों की अपेक्षाओं का कोई अन्त

लोगों की अपेक्षाओं का कोई अन्त नहीं है.. जहाँ आप चूके वहीं पर लोग बुराई निकाल लेते हैं और पिछली सारी अच्छाईयों को भूल जाते हैं इसलिए अपना कर्म करते चलो लोग आपसे संतुष्ट हो पाएंगे यह उम्मीद करना बेमानी है।

- अमरजीत सिंह छाबड़ा

पूस बेदर्दी अइसन सतावे लागल



पूस बेदर्दी अइसन सतावे लागल जाड़ रह रह के हाड़ गलावे लागल आग बोरसी के रुई के ओढनवा राहत देवे के बदले जगावे लागल नींद आवे न आवे कहीं चैनवा जिया जोहे सजनवां छनहिं छनवां।

- आरती आलोक वर्मा

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में निर्मित प्रथम महिला क्वारंटीन सेंटर कौन-सा है?
2) छत्तीसगढ़ में निर्मित ऑटोमेटिक सेनेटाइजर मशीन का क्या नाम रखा गया है?
3) रोबोट नर्स का शुभारंभ कौन-से जिले के अस्पताल में किया गया?
4) महुआ से हर्बल सेनेटाइजर बनाने वाला छत्तीसगढ़ का कौन-सा जिला है?
5) शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सीख कार्यक्रम का शुभारंभ कौन-से जिले से किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) [illegible] (3) [illegible] (4) [illegible] (5) [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1703 - जापान की राजधानी टोक्यो में भूकंप से 37 हजार लोगों की मौत। 1803 - ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी ने दिल्ली, आगरा तथा भरूच पर नियंत्रण किया। 1873 - अमेरिका के न्यूयार्क में माप तौल के लिए मेट्रोलॉजिकल सोसायटी का गठन हुआ। 1893 - रूस और फ्रांस ने सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1906 - अखिल भारतीय मुस्लीम लीग की स्थापना ढाका (अब बंगलादेश) में हुई। 1922 - रूस की राजधानी मास्को के बोलशोई थियेटर से सोवियत संघ के निर्माण की औपचारिक रूप से घोषणा की गयी। 1935 - इटली के लड़ाकू विमानों के हमले में अफ्रीकी देश इथोपिया स्थित स्वीडन की रेड क्रास इकाई ध्वस्त। 1943 - स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में देश की आजादी का झंडा लहराया। 1949 - भारत ने चीन को मान्यता दी। 1975 - अफ्रीकी देश मेडागास्कर में संविधान प्रभावी हुआ। 1979 - पश्चिमी अफ्रीकी देश टोगो ने संविधान अंगीकार किया। 1996 - ग्वाटेमाला में गत 36 वर्षों से चला आ रहा गृहयुद्ध समाप्त। 2000 - जनरल उमर-इल बशील दोबारा सूडान के राष्ट्रपति चुने गये। 2001 - लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक प्रमुख हफ़ीज मोहम्मद पाकिस्तान में गिरफ़्तार हुआ। 2006 - इराक के पूर्व कथित तानाशाह सद्दाम हुसैन को फ़ांसी दी गई। 2007 - स्वर्गीय बेनजीर भुट्टो के पुत्र बिलावल को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का अध्यक्ष चुना गया। 2008 - सूर्यशेख गांगुली ने 46वीं राष्ट्रीय ए शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।

2012 - पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आत्मघाती

चोरी के मामले में झूठा फंसाने पर किसान ने लगा ली फांसी

मिल रही थी गांव में मोटर चोरी के मामले में प्रताड़ना



पन्ना। (नव प्रदेश)

मामला कोतवाली क्षेत्र के मुटुवाकला ग्राम का है जहां पर एक किसान ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली, गांव में उस समय मातम छा गया। जब गांव के एक 40 वर्षीय किसान इंद्रभान सिंह यादव/सूरज सिंह यादव ने पुलिस से प्रताड़ित होकर अपने गले में फंदा लटका लिया है। जानकरी अनुसार मामला यह है कि कुछ दिन पूर्व गांव में मोटर चोरी हो गया था। जिसमें कुछ चोरों द्वारा अपने विवाद के करण मृतक किसान को झूठा फंसाने के चक्कर में चोरी किया गया। मोटर मृतक के घर की सार में फेंक कर चले गए थे। जिसमे देवेन्द्रनगर थाना में चोरी हुआ मोटर का केस दर्ज हुआ था। जिसमें आरोपियों को पकड़ा गया था। परिजनों के अनुसार देवेन्द्रनगर थाना पुलिस द्वारा भी एवं सुसाइड नोट में लिखे नाम के द्वारा लगातार मृतक आरोपी को परेशान किया जा रहा था। जिसको लेकर मृतक ने अपने घर से एक किलोमीटर दूर खेत के पास ही एक पेड़ से रस्सी डालकर फांसी लगा ली। जहां पर देखते ही परिजनों एवं ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसमें मौके पर पुलिस ने पहुंच कर देखा और जहां पर मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट बरमद हुआ है। लाश को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस मामले को लेकर जाँच में जुट गई है।

सुसाइड नोट में गिरवर सिंह यादव पिता पूरण सिंह निवासी मुटुवा कला के द्वारा मृतक को लगातार परेशान किया जा रहा था। जो कि सुसाइड नोट में लिखा है।

अरुण सोनी पन्ना कोतवाली टीआई का कहना है कि मामले की छानबीन कर जांच जारी जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

जनसुनवाई में आए 98 आवेदन

पन्ना। (नव प्रदेश)

राज्य शासन द्वारा आम आदमी की समस्याओं के आसानी से निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को प्रत्येक कार्यालय में जनसुनवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। मंगलवार के दिन कार्यालयों में आम आदमियों की समस्याओं से जुडे आवेदन प्राप्त कर निराकरण किए जाते हैं। कुछ आवेदनों का निराकरण मौके पर ही हो जाता है। कुछ आवेदनों के निराकरण के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। कलेक्टर संजय कुमार मिश्र द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए गए है कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों का निराकरण समयसीमा में करें। यदि आवेदन का निराकरण होना संभव नहीं है तो इस बात की जानकारी भी संबंधित को लिखित में कारण सहित सूचित करें। कलेक्टर श्री मिश्र द्वारा विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में विद्युत, पेंशन, राजस्व, उपचार सहायता, राहत राशि आदि के आवेदनों पर आज जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में कुल 98 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर ने आवेदनों को पढ़ने के बाद संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के अंदर आवेदनों पर कार्यवाही कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि उनके आवेदन पर की कार्यवाही की जानकारी आवेदक को लिखित रूप में भेजें।

किसानों के समर्थन में खुद को गोली मारने वाले संत रामसिंह को दी श्रृद्धांजलि

पन्ना। (नव प्रदेश)

कृषि संसोधन कानूनों के विरोध में किसानों द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में देश व्यापी प्रदर्शन एक महिने से चल रहा है। इसी आंदोलन के दौरान कृषि कानून संशोधन का विरोध करते हुए किसानों के समर्थन में खुद को गोली मारने वाले संत बाबा रामसिंह को याद करते हुए आज जिला मुख्यालय पन्ना स्थित गांधी चौक में किसान नेता जयराम यादव के नेतृत्व में एकत्र हुए किसानों द्वारा श्रृद्धांजलि दी गई। श्रृद्धांजलि सभा के दौरान संत रामसिंह के अंतिम वचनों का वाचन किया गया तथा किसानों ने इस बात का संकल्प लिया कि कृषि संसोधन कानून वापसी के लिये राजधानी दिल्ली में देश भर के किसानों का जो आंदोलन चल रहा है। उस आंदोलन में किसान पूरी तरह से सहभागी है और पन्ना जिले में भी कृषि कानूनों के विरोध में किसान धरना प्रदर्शन आयोजित करेंगे। आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में विनोद द्विवेदी, रामप्रसाद वर्मा, प्रवीण तिवारी, भोला यादव, अंजली यादव, राजा खान,

अरविंद यादव, परवेज खान, धनसिंह यादव, नरेन्द्र सिंह, पदम सिंह, हेतराम यादव, रामकरण यादव, छत्रपाल, अनिल पाण्डेय, सेवेन्द्र सिंह, दयाराम शुक्ला, प्रकाश पटेल, राजेन्द्र वर्मन, सुरेन्द्र यादव, प्रकाश साहू, बहादुर सिंह यादव, अनिल पाण्डेय, राजभान कुशवाहा सहित काफी संख्या किसान शामिल रहे।

दिव्यांग को प्रदान की गयी ट्रायसाईकिल

पन्ना। (नव प्रदेश)

प्रदेश में निर्धन एवं निःशक्त व्यक्तियों के लिए निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण जिम्मेदारी) अधिनियम 1995 का संशोधन अधिनियम 1997 प्रभावशील है। निःशुल्क व्यक्तियों की शिक्षा, नियोजना, और उनके लिए सकारात्मक कार्यवाही करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए क्रियान्वित कार्यक्रम स्पर्श अभियान के तहत 40 प्रतिशत या अधिक निःशक्तता धारक निःशक्त को पात्रतानुसार सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग पन्ना

द्वारा निरंतर लाभान्वित कराया जाता है। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र पन्ना द्वारा कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय पन्ना में उपस्थित दिव्यांग आवेदिका सोमवती कुशवाहा पिता हल्के बेटा कुशवाहा निवासी ग्राम रानीपुर ग्राम पंचायत रानीपुर जनपद पंचायत पन्ना जो कि 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग है को ट्रायसाईकिल अशोक चतुर्वेदी उप संचालक सामाजिक न्याय पन्ना द्वारा प्रदाय कराई गयी।

एचआईव्ही/एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

पन्ना। (नव प्रदेश)

जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 29 दिसंबर 2020 को एड्स जागरुकता माह के तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉ. एल.के. तिवारी के निर्देशन में ए.एन.एम. प्रशिक्षण सेटर में नोडल अधिकारी एड्स कार्यक्रम डॉ. प्रीतेश ठाकुर के मार्गदर्शन में एचआईव्ही/एड्स पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉडी.के. गुप्ता ने ए.एन.एम. एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एच.आई.व्ही./एड्स के कारणों एवं बचाओ उपचार पर विस्तृत जानकारी दी।

पन्ना से पैरा कमांडो की ड्रेस पहनकर गर्लफ्रेंड से मिलने भोपाल पहुंचा युवक, आर्मी की खुफिया टीम ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

पन्ना। (नव प्रदेश)

आरोपी संदीप के खिलाफ पुलिस ने शासकीय कर्मचारी न होते हुए शासकीय वर्दी का उपयोग करने की धाराओं समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मिलिट्री में सिलेक्शन नहीं हो पाने के कारण वह पैरा कमांडो की ड्रेस पहन कर घूमता था। चूना भट्टी पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की पैरा कमांडो की ड्रेस पहनकर गर्लफ्रेंड से मिलने पन्ना से भोपाल पहुंचे एक जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने खुद को पैरा कमांडो का कैप्टन

बताकर सोशल मीडिया पर भोपाल में रहने वाली एक लड़की से दोस्ती कर ली थी। आर्मी की खुफिया टीम ने मंगलवार दोपहर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। हालांकि अब तक की जांच में आरोपी के किसी और तरह के संबंध सामने नहीं आए हैं। आरोपी का कहना है कि वह अपना शौक पूरा करने के लिए ही पैरा कमांडो की ड्रेस पहनता है। चूना भट्टी पुलिस के अनुसार मूलतः पन्ना के अजयगढ़ का रहने वाला 25 वर्षीय संदीप दीक्षित खेती किसानी करता है। मंगलवार दोपहर आर्मी की इंटेलिजेंस टीम ने संदीप को पकड़कर उनके हवाले किया था। बताया था कि यह पैरा कमांडो की ड्रेस पहनकर नहर के पास घूमते पकड़ा गया है।

स्कूल और अस्पताल को गोद लेकर अधिकारी सुधारें व्यवस्थाएं : कलेक्टर

छतरपुर। (नव प्रदेश)

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों केत्वरित निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छतरपुर एसडीएम प्रियांशी भंवर एवं सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को निर्देशित किया कि बस स्टैण्ड और महोबा रोड पर स?कों के किनारे लगाए जा रहे हाथ ठेले और दुकानों को हटाने का कार्य जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम एवं कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के ज्यादा से ज्यादा किसान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने एसएलआर आदित्य सोनकिया को निर्देश दिए कि उन सभी आरआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए जिनके सीमांकन संबंधित आवेदन वर्तमान में लंबित हैं। उन्होंने 500 दिवस से अधिक लंबित शिकायत के संतुष्टिपूर्वक निराकरण न कर कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों को गंभीरता से लेते हुए सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने आकांक्षी जिला योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने पूर्णा अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिल जैन को उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन न करने पर एससीएन जारी करने के निर्देश भी दिए।

प्रत्येक जिलाधिकारी एक शासकीय स्कूल एवं अस्पताल लेंगे गोद बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रत्येक जिलाधिकारी को जिले के किसी भी एक शासकीय स्कूल एवं अस्पताल को गोद लेकर वहां की व्यवस्थाएं एवं गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर सप्ताह गोद लिए गए स्कूल एवं अस्पताल का निरीक्षण करेंगे और वहां पाई गई कमियों को चिन्हित कर सुधारने का हरसंभव प्रयत्न करेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की काउंसलिंग कर जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव रखने का प्रयास करेंगे। इसी के साथ वे इस अभियान के माध्यम से छात्रों को कैरियर संबंधी परामर्श भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हम जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरीन और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास करेंगे।

इसी के साथ कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नवाचार के माध्यम से उनके द्वारा जिलेवासियों को प्रदाय की जा रही सेवाओं में सुधार लाने का प्रयास करें। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम सिंह चौहान सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रोजगार सृजन की संभावना तलाशी जाए

पीएम कौशल विकास उन्नयन का बैठक आयोजित

छतरपुर।(नव प्रदेश)

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि रोजगार सृजन के लिए नवीन टैक्नोलॉजी एवं विधाओं में संभावनाएं तलाशी जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी दौर में रोजगार आयाम के लिए नए-नए अवसर उपलब्ध हैं, उन्हें देख एवं समझकर आगे लाएं ताकि जरूरतमंद लोगों को नवीन तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराया जा सके। यह सृजन एवं रोजगार उपलब्ध कराना ही कौशल विकास समिति का मूल उद्देश्य है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट छतरपुर में सम्पन्न कौशल विकास समिति की समीक्षा बैठक में उक्त बात कही। बैठक में प्राचार्य आईटीआई, जिला रोजगार अधिकारी एस.के. जैन, महिला बाल विकास, जिला

उद्योग केन्द्र सहित संबंधित अनुविभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि कौशल विकास के लिए जरूरी है कि ऐसी विधाएं जिनमें रोजगार सृजन के अधिक अवसर उपलब्ध हों उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चुनें। उन्होंने कहा कि जिले में कौन-कौन से ऐसे क्षेत्र हैं जहां जरूरतमंद लोगों को तकनीक एवं प्रशिक्षण देकर अधिकाधिक रोजगार दिलाया जाए इस दृष्टि से कार्ययोजना बनाई जाए। बैठक में जॉब रोल में क्या-क्या एक्टिविटी कहां-कहां हो सकती है, जिससे रोजगार सृजन बड़े सहित निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

रिटर्निंग अधिकारियों के आदेश में संशोधन

छतरपुर। (नव प्रदेश)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नपा) छतरपुर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले के नगर पालिका एवं नगर परिषदों के लिए पूर्व में नियुक्त किए गए रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है, जिसके तहत नगर पालिका छतरपुर के रिटर्निंग अधिकारी कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह होंगे। उनके सहायक रिटर्निंग अधिकारी क्रमशः अमर बहादुर सिंह सीईओ जिला पंचायत, प्रियांशी भंवर एसडीएम छतरपुर, मनोज सक्सेना ईई पीडब्ल्यूडी और बसंत ईई पीआईयू नौगांव बनाए गए हैं। नगर पालिका नौगांव के रिटर्निंग अधिकारी विनय द्विवेदी एसडीएम नौगांव, नपा महाराजपुर पियूष भट्ट संयुक्त कलेक्टर, नपा हरपालपुर झाम सिंह सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख नौगांव, नपा गढ़ीमलहरा अभिनव शर्मा नायब तहसीलदार, नपा बिजावर राहुल सिलाड़िया एसडीएम, नपा सटई दुर्गेश तिवारी तहसीलदार बिजावर, नपा बड़ामलहरा नाथूराम गौड़ एसडीएम बड़ामलहरा, नपा घुवारा सुनील वर्मा प्र. तहसीलदार, नपा बक्स्वाहा करन सिंह कौरव तहसीलदार, नपा लवकुशनगर अविनाश रावत एसडीएम, नपा चंदला पीयूष दीक्षित प्र. तहसीलदार, नपा बारीगड शैवाल सिंह तहसीलदार गौरिहार, नपा राजनगर डी.पी. द्विवेदी एसडीएम तथा नपा खजुराहो विजय सेन तहसीलदार राजनगर रिटर्निंग अधिकारी बनाए गए हैं। जबकि नपा नौगांव के लिए मनहर द्विवेदी, नपा महाराजपुर आनंद जैन प्र. तहसीलदार, नपा हरपालपुर विनोद गुप्ता, गड़ीमलहरा अंजू लोधी नायब तहसीलदार छतरपुर, नपा बिजावर सुनील वाल्मीक नायब तहसीलदार बड़ामलहरा, नपा राजनगर विजयकांत त्रिपाठी और नपा खजुराहो के लिए प्रतिपाल सिंह बागरी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाए गए हैं।

थाना गौरिहार के एससी एसटी के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

लवकुशनगर। (नव प्रदेश)

अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने में गौरिहार थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत को लगातार सफलता हासिल हो रही है। गौरिहार थाना क्षेत्र में अपराधियों में खौफ देखा जा रहा है क्योंकि कई मामलों के फरार आरोपियों को गौरिहार थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत लगातार गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज रहे हैं। दिनांक 5 नवंबर 2020 को फरियादी मिटवा अनुरागी उम्र करीब 59 साल निवासी ग्राम कशुनपुर थाना गौरिहार जिला छतरपुर ने थाने में आकर रिपोर्ट किया था कि मेरे भाई कंधी अनुरागी से जमीन संबंधी बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। दिनांक 4/11/2020 को शाम करीब 6 बजे मैं अपने मवेशियों को घास डाल कर दरवाजे के बाहर बैठा था। उसी समय गांव के ही भूरा सोनी, बीरेंद्र सोनी और विनोद राजपूत आए और मुझसे बोले कि भाईराम पाल के पास चलो, जिसको तुमने अपना खेत बटाई पर दिया है। जिससे फरियादी उनके साथ भाईराम पाल के घर के लिए चला। तब विनोद राजपूत ने मुझे बच्चा पंडित के खलिहान में ले गए थे। जहां पर भूरा सोनी ने मुझे बैठने के लिए कहा वह बोला कि तुम

गांव का बड़ा चलानिया व गुंडा बन गया है। बीरेंद्र सोनी मेरे पीठ में लाठी लगा दिया और भूरा सोनी ने मुझे लात थप्पड़ों से मेरी मारपीट कर दी। जिससे मेरे नाक के ऊपर वह दाहिने गाल में लगा मेरी नाक से खून निकलने लगा। तब भूरा सोनी ने बीरेंद्र से लाठी लेकर मारा जो फरियादी के बाएं पैर की जांघ पर लगी। भूरा सोनी, वीरेंद्र सोनी और विनोद राजपूत तीनों कह रहे थे कि तुमने अगर भैयाराम की जमीन बटाई पर दी तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गौरिहार के अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया जो दौरान विवेचना को मामले के आरोपी भूरा सोनी और वीरेंद्र सोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। इसी तारतम्य में 28 दिसंबर 2020 को आरोपी विनोद राजपूत निवासी कितपुरा को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लवकुशनगर राजेश सिंह बंजारे एवं थाना गौरिहार की संयुक्त टीम में उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी गौरिहार, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक हरिराम, जयराम, धनंजय सिंह की अहम भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

शराब के लिए मांगे पैसे, नहीं देने पर मारा चाकू

जबलपुर। गढ़ा थाना क्षेत्र में चिकनी कुंआ के पास एक वृद्ध से शराब पीने के लिए दो हजार रुपये की मांग की। जब वृद्ध ने रुपये देने से इंकार कर दिया तो आरोपितों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में वृद्ध के आंख और चेहरे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला कायम कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चिकनी कुंआ निवासी गणेश प्रसाद रजक (64) सोमवार की रात लगभग 4 बजे गढ़ा बाजार अन्ना चाट वाले की दुकान में चाट खाने जा रहे थे। जैसे ही वह गणेश मंदिर के पास पहुंचे, शाम लगभग 4:30 बजे क्षेत्र के नीलेश गोस्वामी और गोविंदा लड़िया ने रास्ते में रोका। दोनों पहले से ही नशे में थे, जिन्हें देखकर गणेश आगे बढ़ने लगे। जिसे देखकर दोनों आरोपितों ने गालीगलौज कर हाथ पकड़ लिया और शराब पीने के लिए 2 हजार रुपये मांगे।

टोल प्लाजा में घुसकर मांगे एक लाख रुपये

जबलपुर। बरगी थाना क्षेत्र में बहोरीपार टोल प्लाजा बरगी स्थित कार्यालय में घुसकर 15 से अधिक लोगों ने अवैध तरीके से एक लाख रुपये की मांग की और न मिलने पर तोड़फोड़ करते हुए टोल के कर्मचारियों पर डंडे, लोहे की रॉड से हमला किया। पुलिस ने मामला कायम कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बहोरीपार टोल प्लाजा बरगी निवासी मोहन पाल बेंसला सहायक मैनेजर के पद पर पदस्थ है। 28 दिसंबर की दोपहर लगभग 2:15 बजे अशोक श्रीवास्तव, अमृतलाल, संदीप माली, विराट तिवारी, संदीप मिश्रा, गोविंद सिंह, कमल बर्मन, छोटू माली, आकाश पटेल, सौरभ माली, लकी अन्य अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर टोल प्लाजा के कार्यालय में आए और अंदर घुसते ही कार्यालय में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

2 बदमाशों ने 5 साल में किए 23 अपराध

जबलपुर। पांच साल में 23 अपराध करने वाले दो बदमाशों को तीन माह तक जेल में रहना होगा। दोनों की आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के प्रतिवेदन पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने एनएसए के तहत तीन माह जेल में निरुद्ध रखने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि दोनों आरोपित अधारताल क्षेत्र के निवासी हैं। पहला आदित्य उर्फ निरभू उर्फ निर्भय कनौजिया पिता अजय कनौजिया वर्ष 2015 से अपराधिक गतिविधियों से लिप्त है जिस पर कुल 10 अपराध पंजीबद्ध हैं।

नाले के किनारे चल रहा था जुआ, पांच गिरफ्तार

जबलपुर। बरगी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम करेली में सूखे नाले के किनारे जुआ फड़ चलने की सूचना मिली थी। मौके पर क्राइम ब्रांच के साथ छापेमारी में सात लोगों को ताश के पत्तों में रुपए की हार-जीत का दांव लगाते हुए पकड़ा गया। ओमती निवासी 50 वर्षीय संतोष सोनकर, 49 वर्षीय दिलीप सोनकर, गुरंदी बाजार निवासी 28 वर्षीय शेख शेरा, बिजौरा-चरगवां निवासी 27 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह, पनागर के कटंगा कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय राममनोहर विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। फड़ से नकद 32 हजार 720 रुपए बरामद हुए हैं।

अब लगेंगे स्मार्ट मीटर, बढ़ेगा बिल

जबलपुर। साल 2021 में बिजली क्षेत्र में कई बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसमें आम लोगों की जेब हल्की हो सकती है, क्योंकि बिजली महंगी होगी। बिजली कंपनी ने दाम बढ़ाने के लिए मंजूरी ले ली है। इतना ही नहीं नए साल से किसानों के खाते में सब्सिडी पहुंचेगी वहीं उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की सौगात मिलेगी। इसके अलावा राहत के नाम पर मीटर किराए से माफी की सौगात उपभोक्ताओं को मिल रही है।

दो फीसद बढ़े दाम- बिजली कंपनी ने बिजली के दाम करीब दो फीसदी बढ़ाए हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं पर इसका सीधा असर होगा। 26 दिसंबर के बाद दाम में बढ़ोतरी हुई है तो जाहिर है कि जनवरी से रीडिंग नए दर पर तय होगी। जनवरी की खपत के आधार पर फरवरी माह में जो बिल मिलेगा उसमें बढ़ी दर लागू होगी। इसमें उपभोक्ता को मीटर किराया से माफी दी गई है। बिल में हर माह उपभोक्ता को 10 रुपये से 75 रुपये तक मीटर किराया भुगतान करना होता था। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नए साल से स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे हैं। पहले चरण में 15 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। दस किलोवाट से ज्यादा लोड वाले उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाना है। इसके बाद अन्य उपभोक्ताओं के लिए मीटर उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं की रियल टाइम रीडिंग और डेटा का आंकलन बिजली कंपनी के दफ्तर से हो पाएगा। आने वाले दिनों में बिजली कंपनी अन्य उपभोक्ताओं को भी स्मार्ट मीटर से लैस करेगी। प्रदेश की मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने साल 2019 में ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो चुका है। जबकि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में ये कार्य देरी से प्रारंभ हुआ।

किसानों के खातों में सब्सिडी

बिजली सब्सिडी को किसानों के खाते में डालने की योजना भी जनवरी से प्रारंभ होगी। पहले चरण में प्रदेश के तीन जिले शामिल हुए हैं। इसमें विदिशा, झाबुआ और सिवनी को शामिल किया है। जहां किसानों के खाते में बिजली सब्सिडी का 90 फीसद सीधे किसानों के वर्चुअल खाते में डाला जाएगा। नए साल से किसानों को बिजली बिल भरने की समस्या होगी। किसानों को पहले बिजली बिल जमा करना होगा। बाद में सब्सिडी की राशि किसानों के खाते में सरकार जमा करेगी।

सरकारी, निजी विभागों को छोड़ 300 रुपये वाले बकायादारों के पीछे पड़े बिजली अफसर

जबलपुर। महीने का आखिरी वक्त जैसे-जैसे करीब आ रहा है बिजली अफसरों की धड़कन भी तेज हो रही है। वजह राजस्व वसूली। शहर में करीब 40 करोड़ रुपये का बकाया है जिसे मौजूदा बिल के साथ वसूलना चुनौती है। ऐसे में बिजली कंपनी का दबाव इस कदर है कि अफसरों को कुर्सी खतरे में नजर आने लगी है। बिजली विभाग पर सरकारी और निजी विभागों पर लाखों रुपये बकाया हैं, लेकिन उनसे वसूली करने की बजाए बिजली अफसर 300-300 रुपये के बकायादारों से वसूली करने में लगे हुए हैं।

बिजली विभाग ने 100 रुपये माह का बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन काटना शुरू कर दिया है। पिछले तीन माह से जिन्होंने 100-100 रुपये का बिल नहीं अदा किया, ऐसे दो दिन में 83 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। अब इन उपभोक्ताओं को दोबारा कनेक्शन जुड़वाने के लिए अलग से 200 रुपये जुर्माना भरना होगा।

बिजली विभाग ने पांच हजार से ऊपर वाले घरेलू बकायादारों के कनेक्शन काटने का सिलसिला चालू किया तो डेढ़ करोड़ रुपये जमा हो गए। कुल 45 हजार 725 उपभोक्ता में 11 हजार 734 उपभोक्ता ने बिजली का बिल जमा कर दिया। अब 31 हजार 991 उपभोक्ता है जिन पर 3 करोड़ 6 लाख रुपये बकाया है।

राजस्व वसूली के लिए बड़े और छोटे हर उपभोक्ता पर सख्ती की जा रही है। 100 रुपये का बिल नहीं भरने वाले उपभोक्ता को भी हम टारगेट कर रहे हैं। 300 रुपये बकाया वाले उपभोक्ता को 200 रुपये जुर्माना कनेक्शन दोबारा जुड़वाने में देना पड़ता है। उपभोक्ता समय पर बिल का भुगतान करें।

निगम कर्मियों को फिर पहनना होगी तय ड्रेस

जबलपुर। नगर निगम के कर्मचारियों के लिए नए साल से ड्रेस कोड फिर अनिवार्य कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए। हालांकि ड्रेस कोड 2008 से लागू है लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों ने इसका पालन करना छोड़ दिया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए 2008 में ड्रेस कोड लागू कर दिया था। इसके लिए कर्मचारियों को ड्रेस नगरीय निकायों को ही उपलब्ध कराना था। शुरुआती दौर में निगम अधिकारी और कर्मचारियों ने इस आदेश का पालन भी किया लेकिन पिछले कुछ सालों से इसमें कोताही बरती जा रही थी। जबकि निगम प्रशासन हर तीन साल में अधिकारियों-कर्मचारियों को दो जोड़ी ड्रेस के कपड़े उपलब्ध कराता है। इसी वजह से नगरीय प्रशासन विभाग ने पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों में ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए एक बार फिर आदेश जारी कर दिया है। नए साल में सभी कर्मचारियों को लागू ड्रेस कोड में ही कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। यदि अधिकारी-कर्मचारी ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे तो निगम उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दो बार बदल चुका कलर

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों का ड्रेस कोड दो बार बदल चुका है। शुरूआत में कत्थे कलर की पेंट और पीच कलर की शर्ट को ड्रेस कोड में शामिल किया गया था। 2014 में इसमें फेरबदल किया गया और पुरूष कर्मचारियों के लिए नेवी ब्लू पेंट व स्काई ब्लू शर्ट तथा महिला कर्मचारियों के लिए स्काई ब्लू साड़ी, ब्लाउज या स्काई ब्लू कुर्ता, दुपट्टा एवं नेवी ब्लू सलवार निर्धारित की गई।

छोटी लाइन फाटक पर फुटकर विक्रेताओं का कब्जा

जबलपुर। शहर के सबसे बड़े चौराहे छोटी लाइन फाटक इन दिनों अतिक्रमणों के मकड़जाल में है। छोटी लाइन फाटक चौक में सड़क के चारों ओर जहां हाथठेला चालकों का कब्जा है वहीं जहां-तहां खड़े वाहनों से राहगीरों का सड़क से निकलना दूभर हो गया है। इसकी वजह से छोटी लाइन चौक पर जहां आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं वहीं सड़क हादसे भी बढ़ते जा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार इस ओर गंभीर नहीं हैं।

लेखकों के मन में भर रहे रचना की नई ऊर्जा

जबलपुर। कोविड का असर शहर के लेखकों, रचनाकारों के मन-मस्तिष्क पर भी पड़ा। परिणामस्वरूप सभी नवीन रचनाओं में एक हताशा, निराशा, अवसाद का भाव अधिक देखने मिला। ऐसा नहीं था कि रचनाएं नहीं हुई लेकिन सभी रचनाएं कोविड से शुरू होती और अंत भी कोविड पर ही हो रहा था। ऐसे मनोभावों से रचनाकारों को बाहर निकालना जरूरी हो गया था। इस विचार के साथ शहर की साहित्यिक संस्था मंथन के सदस्य राजेश पाठक प्रवीण व संतोष नेमा ने कुछ नया करने का सोचा। तब विचार आया कि चित्र ही एक ऐसा माध्यम है जो लेखकों को कुछ सकारात्मक माहौल के साथ रचनात्मक करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यहीं से शुरुआत हुई चित्र देखकर कविता लिखने की। गौरतलब है कि संस्था द्वारा पिछले कुछ सप्ताह से हर सप्ताह यह आयोजन किया जा रहा है जिससे लेखकों को लिखने के लिए रंगों की ऊर्जा से सराबोर माहौल मिल रहा है। प्रत्येक सोमवार को वॉटसअप ग्रुप पर प्रेरणादायक चित्र सभी को भेज दिया जाता है। जिस पर शुक्रवार व शनिवार को रचनाएं आमंत्रित की जाती हैं। देखने लायक यह है कि इस आयोजन ने कोविड के इस समय में लेखकों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। कई ऐसे रचनाकार हैं जो चित्रों को देखकर पहली बार लिखने की पहल कर पा रहे हैं।

दामाद ने कुल्हाड़ी से की चाचा ससुर की हत्या

चरगवां के हीरापुर गांव में वारदात से सनसनी पत्नी और साले पर भी किया जानलेवा हमला

जबलपुर। शादी के बाद से पति-पत्नी में चल रहे विवाद को सुलझाने भतीजी के घर पहुंचे चाचा की दामाद ने हत्या कर दी। चाचा ससुर की हत्या करने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। चीख-पुकार मचने के बाद पड़ोसियों ने भागते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन झाड़ियों के बीच से होते हुए आरोपी गायब हो गया। सूचना पर पहुंची चरगवां पुलिस ने प्राथमिक जांच करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चरगवां पुलिस ने बताया कि कोहली निवासी गुड्डी बाई का विवाह हीरापुर निवासी कल्याण गोंड से हुआ था। शादी के बाद से पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। कल्याण शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। पति-पत्नी में चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए मंगलवार सुबह करीब 8 बजे कोहली निवासी गुड्डी के चाचा रज्जू गोंड उम्र 56 साल हीरापुर पहुंचे थे। रज्जू अपने दामाद कल्याण से बात करते हुए समझाइश दे रहे थे, तभी एकाएक आग-बबूला हुए दामाद ने कुल्हाड़ी से हमला कर चाचा ससुर की हत्या कर दी। घर के आंगन में हुई हत्या के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई।

कच्ची शराब बनाता है कल्याण- गांव वालों ने पुलिस को बताया कि कल्याण कई सालों से कच्ची शराब बनाकर बेचने का काम करता है। कल्याण शराब भी पीता था, शराब पीने के बाद वह पत्नी से आए दिन झगड़ा करता रहता था। इससे पहले भी ससुराल पक्ष के लोगों सहित बस्ती में रहने वाले लोग कल्याण को पत्नी से झगड़ा न करने पर कई बार समझाइश दे चुके हैं, लेकिन उसकी आदतों में कभी सुधार नहीं आया।

हमले में पत्नी और साला घायल- चाचा ससुर की हत्या करने के बाद आरोपी कल्याण ने पत्नी गुड्डी और साले पन्ना लाल पर भी हमला किया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि गुड्डी के मायके से कुल 5 लोग समझाइश देने के लिए आए थे। आरोपी कल्याण हाथ में कुल्हाड़ी लेकर सबकी हत्या करने की धमकी दे रहा था। 3 लोग कल्याण का गुस्सा देखकर मौके से भाग निकले थे।

हीरापुर में हत्या होने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। प्राथमिक कार्रवाई के बाद लाश को पीएम के लिए भेजते हुए फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

रीतेश पांडे, टीआई चरगवां

तटों पर प्लाटिक प्रतिबंधित फिर भी निकल रहा कचरा

जबलपुर। करीब दो साल पहले भेड़ाघाट को प्लास्टिक फ्री बनाने की मुहिम चली। पूरे इलाके में प्लास्टिक प्रतिबंधित हुआ। जगह-जगह छापेमारी हुई, समझाइश दी गई। इसके बावजूद भेड़ाघाट के पर्यटन क्षेत्र में प्लास्टिक की भरमार है। हर दिन कई किलो प्लास्टिक का कचरा अलग-अलग जगह से उठ रहा है। भेड़ाघाट के धुंआधार, पंचवटी हो या फिर घुघवा फाल। हर कहीं पर्यटकों को कचरे का ढेर नजर आ जाएगा। प्रशासन पर्यटकों से स्वच्छता का टैक्स तो वसूल रहा है लेकिन इस क्षेत्र में साफ सफाई का कोई इंतजाम नहीं है।

घुघवा फॉल में ऐसा ही कचरे का ढेर पर्यटकों ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया। उन्होंने बताया कि खूबसूरत पर्यटन स्थल पर किस तरह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वीडियो बनाने वाली पर्यावरण प्रेमी निकिता खम्परिया ने बताया कि घुघवा फाल में भारी मात्रा में कचरा पड़ा हुआ है। पर्यटक यहां घूमने आते हैं लेकिन अपने साथ खाने-पीने की सामग्री को उपयोग के बाद यहीं फेंक जाते हैं। यहां साफ-सफाई भी नहीं होती है जिस वजह से ज्यादातर कचरा नर्मदा में पहुंच जाता है। इससे प्रदूषण भी बढ़ता है।

शीतकालीन अवकाश होने के कारण पर्यटक भी घर से बाहर निकलते हैं। ऐसे में जबलपुर के आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में भारी भीड़ रहती है। भेड़ाघाट, घुघवा फाल समेत कई जगह हर दिन 500 से 1000 के आसपास पर्यटक सैर करने पहुंच रहे हैं। इनके साथ भारी संख्या में प्लास्टिक कचरा भी पहुंच रहा है। नगरीय निकाय और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संयुक्त अभियान चलाकर प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया था लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। बताया जाता है कि कोरोना संक्रमण के कारण अधिकारी भी इस मुहिम पर काम करना भूल गए। दुकानों में फिर से प्लास्टिक थैली और अन्य प्लास्टिक की डिस्पोजल दोने पत्तल, ग्लास बिक रही है जो अमानक स्तर की है। ऐसे में नदी में पहुंचकर पानी में रहने वाले जीवों को नुकसान पहुंचाती है।पर्यटकों की भीड़ जब हर साल इस सीजन में बढ़ती है तो फिर नगरीय निकाय से साफ-सफाई का इंतजाम क्यों नहीं किया जाता है। स्वच्छता को लेकर लगातार प्रचार-प्रसार के बावजूद क्यों स्थानीय स्तर पर लोग इस दिशा में प्रयास नहीं कर रहे हैं।

36 पेटी देशी शराब जब्त, बोलेरो से कर रहा था तस्करी

जबलपुर। भटोली में दबिश देकर ग्वारीघाट पुलिस ने रविवार-सोमवार दरम्यानी रात 3 बजे बोलेरो में भरकर ले जाई जा रही 36 पेटी देशी शराब जब्त कर ली। पुलिस अब शराब की खेप कहां से लाई गई इसका पता लगाने में जुट गई है। थाना प्रभारी विजय परस्ते ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भटोली के रास्ते एक सफेद रंग की बिना नम्बर की बुलेरो कार में देशी शराब बिक्री के लिये आने वाली है। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की संयुक्त टीम ने भटोली रोड पर दबिश दी। कुछ देर बाद पहुंची बिना नम्बर की बोलेरो को रोककर चालक मिथुन उर्फ रंजन झारिया 23 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा पटपरा थाना बरेला से पूछताछ की गई। बोलेरो में 36 पेटी देशी शराब मिली। मिथुन के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। तस्कर को पकड़ने में उप निरीक्षक श्रीराम रघुवंशी, उप निरीक्षक अनिल गौर, आरक्षक सुरेन्द्र सेन, प्रभुनाथ एवं क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक राजेश शुक्ला, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह की भूमिका रही।

शिक्षा विभाग के सहायक संचालक के मोबाइल से वायरल हुई अश्लील फिल्म

जबलपुर। जबलपुर शिक्षा विभाग में अश्लील फिल्म के किस्सा चर्चा में बना हुआ है। सोमवार को जेडीई जबलपुर ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप में एक अश्लील वीडियो क्लिप अपलोड हो गई। फिल्म जिस नंबर से आई वह सहायक संचालक का बताया जा रहा है। इधर, संयुक्त संचालक राजेश तिवारी ने कहा कि वह अभी अधिकारिक रूप से ग्रुप में नहीं जुड़े हैं लेकिन उनके पास इस तरह की शिकायत की है। स्कूल प्राचार्य, शिक्षक और अधिकारी जुड़े हुए हैं ग्रुप में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में इस मामले के बाद हलचल मची हुई है।

न्यूज गैलरी

शिक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती में अभ्यर्थियों से प्राथमिकता क्रम निर्धारण की तिथि में वृद्धि

रायपुर। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा शिक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों से संभाग एवं जिले का प्राथमिकता का क्रम निर्धारण के लिए निर्देशित किया गया था। वर्तमान में बहुत कम संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा प्राथमिकता का क्रम निर्धारण किया गया है। इस कारण से पूर्व के निर्धारित तिथि में वृद्धि की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक (सभी विषय) 28 दिसम्बर से वृद्धि कर 7 जनवरी 2020 एवं सहायक शिक्षक (सभी विषय) 31 दिसम्बर के स्थान पर 11 जनवरी तथा सहायक शिक्षक विज्ञान (सभी विषय) का 2 जनवरी से बढ़ाकर 12 जनवरी 2020 की तिथि निर्धारित की गई है।

मोबाइल खींचकर एक्टीवा सवार दो लोग भागे, मामला दर्ज

रायपुर। पैदल घुमने निकले युवक का मोबाईल झपटकर एक्टीवा सवार 2 लोग फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हर्षितनगर कबीरनगर निवासी राहुल अग्रवाल 20 वर्ष पिता सुभाष अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 28 दिसंबर को 8.30 बजे नाहर रोड कबीरनगर बाल्मिकीनगर में पैदल घुमने निकला था,तभी एक्टीवा सवार 2 अज्ञात लोग प्रार्थी के जेब में रखे एप्पल कंपनी को मोबाईल कीमत 35 हजार रुपये को खींचकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात एक्टीवा सवार के लोगों के खिलाफ धारा 379,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

कार में अवैध शराब तस्करी करते चार गिरफ्तार,35 पेटी अंग्रेजी शराब व कार जब्त

रायपुर। न्यू ईयर से पहले राजधानी में शराब तस्करों द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने की सूचना पर पुलिस ने एक ईको कार को घेराबंदी कर कार की डिक्की से 35 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कृषक नगर जोरा तेलीबांधा में अवैध शराब लेकर आ रही ईको कार क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 8509 को रोककर कार में सवार चार लोगों से पुछताछ के दौरान संदेह होने पर कार की डिक्की में 35 पेटी अंग्रेजी गोवा अवैध शराब कुल 1750 पौवा बरामद होने पर कार सवार अजय सिंह 35 वर्ष पिता स्व.साधु सिंह एवं अन्य तीन लोगों को गिरफ्तार कर शराब व कार को जब्त कर ली है।

जिस्मफरोशी मामलें में तीन युवतियों सहित दलाल गिरफ्तार

रायपुर। देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ले छापामारकर एक दलाल सहित तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। खमतराई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर देर शाम रेड मारकर देह व्यापार करते हुये 3 युवतिया सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लंबे समय बसंत विहार में देहव्यापार चलाने की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद सोमवार को एक घर में दबिश देकर आपत्ती जनक अवस्था में रायपुर 40 वर्ष ,बिहार 26 वर्ष व दिल्ली 24 वर्ष को सहित पुरुष दलाल अंगराज सिन्हा 28 वर्ष पिता ढेलूराम सिन्हा संतोषीनगर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि दिल्ली,बिहार से युवतियों को रायपुर बुलाया गया था। पुलिस ने इनके पास से नगदी 45 सौ रुपये जब्त किया है। पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही की गई है।

जुआ खेलते 4 गिरफ्तार,नगदी रुपए एवं ताश की 52 पत्ती जब्त

रायपुर। जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती पुलिस ने जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 28 दिसंबर को शाम 7 बजे ग्राम सारखी गिट्टी खादान रोड किनारे जुआ खेल रहे गजेन्द्र साहु 21 पिता हेमन्त साहु एवं अन्य तीन लोगों को जुआ खेलते पाए जाने पर घेराबंदी कर उनके पास से 2050 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कानूनी कार्रवाही की गई है।

सूने मकान से सिलेंडर चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखा गैस सिलिण्डर किसी ने चोरी कर लेने की रिपोट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आमनेर अभनपुर निवासी सुनीता जांगड़े 38 वर्ष पति स्व.नरेश जांगड़े ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के मकान का ताला व कुंडी तोड़कर किसी ने 18 से 21 दिसंबर के मध्य कमरे में रखा एक गैस सिलिण्डर कीमत 18 सौ रुपयें को चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

विवाद: दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर। परिवारिक विवाद में दो पक्ष आपस में एक दूसरे के साथ गाली-गलौच कर मारपीट करने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार बम्लेश्वरी नगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्थिया डिलेश्वरी देवांगन 25 वर्ष पति मनोज देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 28 दिसंबर को रात 8.30 प्रार्थिया का पति मनोज साहु अपने बेटे को लेने ससुराल डांडे मोहल्ला गुढ़ियारी गया था तब उसके बड़ा भाई प्रकाश साहु ने गाली-गलौच कर टंगिया से मारकर चोट पहुंचाया एवं पिता पुसऊराम साहु 55 वर्ष ने मनोज देवांगन के साथ मारपीट किया। इसी तरह पुसऊराम साहु ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका साला मनोज देवांगन प्रार्थी के परिवार को गाली-गलौच कर रहा था मना करने पर प्रार्थी के बेटे प्रकाश साहु एवं घर मौजूद अन्य लोगों के साथ मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अब तक 11.19 लाख किसानों ने बेचा धान

राज्य में अब तक 42.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 28 दिसम्बर 2020 तक 42 लाख 79 हजार मीट्रिक धान की खरीदी की गई है। अब तक राज्य के 11 लाख 19 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा। राज्य के मिलरों को 13 लाख 77 हजार 410 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलरों द्वारा अब तक 9 लाख 95 हजार 196 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खरीफ वर्ष 2020-21 में 28 दिसम्बर 2020 तक राज्य के बस्तर जिले में 54 हजार 329 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 21 हजार 608 मीट्रिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 4 हजार 357 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में एक लाख 36 हजार 481 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में 63 हजार 658 मीट्रिक टन, नारायणपुर जिले में 7 हजार 794 मीट्रिक टन, सुकमा जिले में 13 हजार 660 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में 2 लाख 28 हजार 495 मीट्रिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 32 हजार 16 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा जिले में 4 लाख 11 हजार मीट्रिक टन, कोरबा जिले में 47 हजार 870 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में एक लाख 72 हजार 224 मीट्रिक टन खरीदी की गई है। इसी तरह रायगढ़ जिले में 2 लाख 72 हजार 846 मीट्रिक टन, बालोद जिले में 2 लाख 64 हजार 656 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 2 लाख 84 हजार 509 मीट्रिक टन, दुर्ग जिले में 2 लाख 6 हजार 915 मीट्रिक टन, कवर्धा जिले में 2 लाख 10 हजार 250 मीट्रिक टन, राजनांदगांव जिले में 3 लाख 62 हजार 146 मीट्रिक टन खरीदा गया।

बलौदाबाजार में 2 लाख 73 हजार 839 मीट्रिक टन की खरीदी

बलौदाबाजार जिले में 2 लाख 73 हजार 839 मीट्रिक टन, धमतरी जिले में 2 लाख 8 हजार 932 मीट्रिक टन, गरियाबंद जिले में एक लाख 54 हजार 42 मीट्रिक टन, महासमुंद जिले में 2 लाख 79 हजार 249 मीट्रिक टन, रायपुर जिले में 2 लाख 55 हजार 594 मीट्रिक टन, बलरामपुर जिले में 60 हजार 202 मीट्रिक टन, जशपुर जिले में 44 हजार 980 मीट्रिक टन, कोरिया जिले में 41 हजार 838 मीट्रिक टन, सरगुजा जिले में 71 हजार 489 मीट्रिक टन और सूरजपुर जिले में 92 हजार 899 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

हाट-बाजार क्लीनिक से ग्रामीणों को मिल रहा भरपूर लाभ

गांवों में चिकित्सकीय सुविधा मिलने से खुश हैं लोग

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण अंचल में सुचारु रुप से स्वस्थ्य सुविधाए मुहैय्या कराने के उद्देश्य से हाट-बाजार क्लीनिक योजना की शुरूआत 02 अक्टूबर 2019 से की है। इस योजना से दूरस्थ एवं पहुंचविहिन क्षेत्रों के ग्रामीणों को सरलता से स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत ऐसे हाट-बाजार गांव जहाँ कोई स्वास्थ्य संस्था नहीं है स्वास्थ्य संस्थाओं दो से तीन किलो मीटर दूर है, वहाँ के हाट-बाजारों में शिविर लगाकर ग्रामीणों को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण अपनी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बाजार वाले दिन को प्राथमिकता देते हैं। हाट बाजार क्लीनिक के स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ग्रामीण उत्साहपूर्वक अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते हैं।

प्रति सप्ताह लगभग 30 से 50 ग्रामीण आकर अपनी जांच करा कर चिकित्सीय परामर्श और निःशुल्क दवाईयां ले जाते हैं। सुकमा जिले में अब तक 29 हजार से अधिक मरीजो का उपचार हाट-बाजारों में लगी इन क्लीनिक में किया गया है। जिले के सभी तीनों विकासखण्डों के चिन्हांकित 21 हाट-बाजारों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार एवं दवाई का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

स्त्रोत व्यक्तियों का प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत अकादमिक सामग्री जल्द पहुंचेगी असाक्षरों तक

रायपुर। पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रदेश में चिन्हांकित स्त्रोत व्यक्तियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्त्रोत व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर साक्षरता के सूत्रधार स्वयंसेवी शिक्षक को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षित किया जाना है। इस अभियान में स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षरों को साक्षर करने में नींव का पत्थर बनेंगे। इस प्रशिक्षण में एससीएल के श्री कर्मन खटकर व प्रीति सिंह व पढ़ना लिखना अभियान के नोडल अधिकारी व सहायक संचालक राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण विशेष रूप से उपस्थिति थे। उद्घाटन अवसर पर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सहायक संचालक एवं पढ़ना लिखना अभियान के नोडल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र प्रवर्तित प्रौढ़ शिक्षा योजना के तहत पढ़ना लिखना अभियान राज्य में प्रारंभ किया गया है। इस अभियान में अकादमिक सहयोग राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् में गठित एससीएल के द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इस अभियान के तहत केन्द्र, राज्य, जिला हेतु सामान्य सभा एवं कार्यकारिणी समिति के गठन से संबंधित जानकारी दी गई एवं विकासखण्ड व नगरीय साक्षरता मिशन समिति के गठन की भी जानकारी से अवगत कराया गया। देश की नई शिक्षा नीति के तहत आगामी 5 वर्ष तक यह अभियान चलता रहेगा।

योजनाओं का लाभ पाने साक्षर होना जरूरी : कौर

अकादमिक सपोर्ट हेतु एससीएल से डॉ. मंजीत कौर ने बताया कि शासन विभिन्न योजना को किसान, मजदूर एवं महिलाओं को ध्यान में रखकर ही बनाते है। इन योजनाओं का लाभ पाने के लिए असाक्षरों का साक्षर होना अत्यंत आवश्यक है। यदि वे साक्षर नहीं होंगे तो बहुत से योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते है। उन्होंने आगे कहा कि मीडिया के सहयोग से इस अभियान को जन-जन तक अर्थात अंतिम असाक्षर व्यक्ति तक ले जाना है। इस मौके पर डॉ. मंजीत कौर ने कहा कि हमे जमीनी स्तर पर पहुंचकर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षण के फायदे बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण से हमें ज्ञान कौशल प्राप्त होने के साथ ही व्यवहार परिवर्तन का विकास होता है। डॉ. कौर ने प्रौढ़ शिक्षा की विधि के अंतर्गत व्याख्यान, चर्चा, समूह चर्चा, केस स्टडी, फिल्म विधि, रोल प्ले खेल, अभ्यास विधि की विस्तृत जानकारी दी गयी।

फोर्टिफाइड चावल से कुपोषण मुक्ति की ओर राज्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं वाली योजना सार्वभौम पीडीएस के माध्यम से प्रदेश में अत्यंत गरीब परिवार से लेकर सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए भी खाद्यान्न सामग्री, शक्कर, रिफाइंड नमक, चना एवं केरोसिन का वितरण किया जा रहा है। कोण्डागांव जिल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के द्वारा कुपोषण मुक्ति के लिए फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल राज्य के अन्य जिले में भी प्रदाय किया जाएगा। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में संचालित 180 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम 3 लाख 27 हजार 665 राशनकार्ड सदस्यों को

खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिले में खाद्यान्न वितरण के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के बी.पी.एल. श्रेणी के एक लाख एक हजार 981 एवं ए.पी.एल. पांच हजार 677 कुल एक लाख 7 हजार 658 राशनकार्डधारियों को लगभग 32 हजार 911 क्विंटल चावल, एक हजार 14 क्विंटल शक्कर, दो हजार 28 क्विंटल रिफाईड नमक, दो हजार 28 क्विंटल चना एवं 72 किलो लीटर केरोसिन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में प्रचलित विभिन्न रंगों के कार्डो पर पात्रतानुसार खाद्यान्न सामग्री यथा पीले रंग के अत्योदय कार्ड पर 35 किलो चावल, लाल रंग के प्राथमिकता कार्ड पर प्रति सदस्य 10 किलो, 2 सदस्य पर 20 किलो, 3 से 5 सदस्य पर 35 किलो एवं 5 से अधिक सदस्य होने पर प्रति सदस्य 7 किलो अतिरिक्त चावल एक रूपए प्रति किलो चावल जिसमें 10 किलो निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। स्लेटी रंग के निराश्रित एवं काले रंग के निःशक्तजन के कार्ड पर 10-10 किलो ग्राम निःशुल्क चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पात्रतानुसार शक्कर एक किलो प्रति कार्ड, 17 रूपए प्रति किलो दर पर रिफाईड नमक, 2 किलो प्रति कार्ड निःशुल्क चना 2 किलो प्रति कार्ड 5 रूपए प्रति किलो दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के कार्डधारियों को केरोसिन तेल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

पीड़ितों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

रायपुर। शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में आपदा से पीड़ितों को आर्थिक सहायता जिला कलेक्टर के माध्यम से स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही 6 प्रकरणों में बेमेतरा जिले में 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। बेमेतरा जिले की तहसील बेमेतरा के गांव उमरिया के श्री प्रशांत शर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से होने के कारण पीड़ित परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह बेरला तहसील के ग्राम बहेरा के हेमराज साहू की मृत्यु पानी में डूबने से तथा भानु तुरकाने और ग्राम जमघट के झम्मन निषाद की मृत्यु सांप के काटने से हो जाने के कारण मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से एक महिला सहित एक्टीवा सवार युवक की मौत

मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर। मरनी कार्यक्रम में तालाब से नहाकर आ रही महिला को तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क पार करते समय एक्सीडेन्ट करते हुये सड़क किनारे खड़े एक्टीवा सवार युवक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसके चलते महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई व एक्टीवा सवार को चोट लगी। वहीं उरला थाना क्षेत्र में एक्टीवा से जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार संजयनगर सतनामीपारा निवासी निवासी संगीता गिलहरे 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 28 दिसंबर को प्रार्थिया अपने दादी व अन्य महिलाओं के साथ मरनी कार्यक्रम में हल्का तालाब मठपुरैना से वापस आ रही थी तभी मठपुरैना सौरभ चिकन दुकान के सामने नेशनल हाईवे रोड पार करते समय शाम 4 बजे तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 07बीके 4420 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये भगवंतीन को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया एवं सड़क किनारे खड़े शिशिर कुमार के एक्टीवा को ठोकर मार दिया। जिसके चलते शिशिर कुमार एक्टीवा सहित गिर जाने से चोट लगा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम

अध्यादेश के माध्यम से लाया गया, जबकि मध्यप्रदेश में विधानसभा सत्र प्रस्तावित था, लेकिन इसके स्थगित होने के कारण अब इसे अध्यादेश के रास्ते लाया गया है। मंत्रि-परिषद ने पूर्व में अनुमोदित, मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी (संशोधन) विधेयक,2020 को मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के रूप में प्रभावशील करने का विभागीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया तथा आनुषांगिक विधिक कार्यवाही करने हेतु लोक सेवा प्रबंधन विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने पूर्व में अनुमोदित, मध्यप्रदेश राज्य पिछ?ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2020 को मध्यप्रदेश राज्य पिछ?ा वर्ग आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के रूप में प्रभावशील करने के विभागीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया तथा आनुषांगिक विधिक कार्यवाही करने के लिये पिछ?ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को अधिकृत किया गया।

पीएम मोदी ने ईस्टर्न डेडिकेटेड

ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यानी श्वष्ठस्नष्ट प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसे मालवाहक ट्रेनों के लिए खासतौर पर बनाया गया है। मतलब इस पर केवल माल गाड़ियां ही दौड़ेंगी। 351 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर न्यू भाउपुर- न्यू खुर्जा सेक्शन तक है। इसे 5,750 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इसकी कुल लंबाई 1856 किलोमीटर होनी है। जो पंजाब के लुधियाना से शुरू होकर हरियाणा, यूपी, बिहार और झारखंड से होते हुए पश्चिम बंगाल के दानकुनी तक जाएगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार 1504 किलोमीटर लंबे वेस्टर्न कॉरिडोर का भी निर्माण करवा रही है। ये ग्रेटर नोएडा के दादरी से शुरू होकर मुंबई जवाहरलाल नेहरू पोर्ट तक बन रहा है।

मस्जिद के सामने हनुमान

में सामने आई थी। वहां भी बेगमबाग क्षेत्र में राम मंदिर निर्माण को लेकर धन संग्रह करने के लिए निकले हिंदूवादी कार्यकर्ताओं की रैली पर पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई थी।दोपहर करीब एक बजे कुछ कार्यकर्ता मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। इससे तनाव की स्थिति पैदा हो गई। कुछ ही देर में पत्थर बरसने लगे। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात था। बताया जा रहा है कि पुलिस की मौजूदगी में रैली पर पथराव करते हुए डंडे बरसाए गए। सूचना मिलते ही इंदौर डीआरपी लाइन से 50 पुलिसकर्मियों की टुक?ी लेकर ब? अफसर पहुंच गए हैं। 12 से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। घटना के बाद हिंदूवादी संगठन के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे। करीब एक घंटे बाद पुलिस के आश्वासन के बाद वे हटे। सांसद शंकर लालवानी ने घटना को निंदनीय बताया है। उनका कहना है कि रामभक्तों पर पत्थरबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का

पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस मामले में विजुअल और फुटेज मौजूद हैं, उस मामले में किस बात की जांच कर रही है। गौरतलब है कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घटना को लेकर छह विधायकों का दल गठित किया है, जिसमें विधायक सज्जन सिंह वर्मा, जयवर्धन सिंह, विशाल पटेल, हनी बघेल, झूमा सोलंकी और रवि जोशी शामिल हैं।

9 दिसंबर से 22 दिसंबर

कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एकाएक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है। इस वजह से कोविड-19 के नए वैरिएंट्स को लेकर वैज्ञानिकों को बहुत ज्यादा आश्चर्य नहीं है। वुहान (चीन) में नोवल कोरोनावायरस सामने आया था। इसने एक साल में दस लाख से ज्यादा लोगों की जान ले ली। इस वायरस में कई म्युटेशन भी हुए हैं। मंत्रि-परिषद ने पूर्व में अनुमोदित मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट उपकर (संशोधन) विधेयक, 2020 को मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट उपकर (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के रूप में तथा मध्यप्रदेश हाई स्पीड डीजल उपकर (संशोधन) विधेयक, 2020 को मध्यप्रदेश हाई स्पीड डीजल उपकर (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के रूप में प्रभावशील करने के विभागीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया

राजस्व मंत्री की विशेष पहल पर राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल समाप्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पटवारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। राजस्व पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने कल राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मुलाकात की और अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया और बातचीत के दौरान मंत्री से पटवारी संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ 14 दिसम्बर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर थे। उन्होने 9 सूत्रीय मांग की सूची राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को सौंपते हुए सार्थक कार्यवाही की मांग की जिस पर राजस्व मंत्री ने पटवारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के लिए आश्वसन दिया।

नाबालिग किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म, जांच के दौरान बच्चे की हुई मौत

गोटेगांव। (नव प्रदेश)

गोटेगांव के झोतेश्वर पुलिस चौकी अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव में एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने एक बच्चे को जन्म देने के बाद मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है जिसमें पुलिस ने बताया है कि एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी ने एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। जिसकी जांच उपरांत मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कर मृत बच्चे का पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की।

बगासपुर नहर में अनियंत्रित होकर गिरी स्कॉर्पियो घटना स्थल पहुंचे विधायक ने भिजवाया अस्पताल

गोटेगांव। (नव प्रदेश)

गोटेगांव थाना अंतर्गत क्षेत्र के बगासपुर में स्थित बरगी विभाग की बड़ी नहर में देर रात को एक स्कॉर्पियो कार अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सवार चालक की अस्पताल में प्रथमिक उपचार के दौरान मौत हो गई है। जिसमें मृतक संजय परिहार के परिजनों ने बताया है कि बगासपुर में स्थित श्री बाबा श्री आश्रम में एक कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल शामिल हुए थे और इसी दौरान उनको कार्यकर्ताओं द्वारा खबर मिली की एक कार नहर में गिर गई है तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ घटना स्थल नहर पहुंचे और घायल को नहर से बाहर निकलवा कर परिजनों को सूचना देकर अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव को परिजनों को सौंप कर मामले को जांच में लिया है।

खतरनाक डग्गामारी पर नहीं लग रहा अंकुश, सवारियों की जान खतरे में

पुलिस की लाख समझाइश भी नहीं आ रही काम

डिण्डौरी। (नव प्रदेश)

जिले में लगातार हो रही दुर्घटना और मौत की घटनाओं से न तो प्रशासन सबक लेते दिखाई दे रहा है और न ही आमजन और वाहन चालकों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में नर्मदा पुल पार से न्यौसा मार्ग पर अब भी टैक्सियां नियम कानून को ताक पर रखकर वाहनों में ऊपर नीचे आगे पीछे से लेकर आजू बाजू तक में सवारियों को जानवर की तरह लादकर बिना डर के वाहन संचालित कर रहे हैं। गौरतलब है कि पुलिस की अनदेखी और कठोर कार्यवाही के अभाव में टैक्सी संचालक इस तरह की जानलेवा व्यवस्था को अंजाम दे रहे हैं, जिससे दुर्घटना की अत्याधिक संभावनाएं है किंतु जिले में जिम्मेदार आंखे बंद करे बैठे है और लोगों की जान जोखिम में है और वाहन संचालकों को सिर्फ अपनी जेबें गरम करने की चिंता है जिनकी मंशा लचर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के चलते खूब फल फूल रही है।

समय समय पर देखा गया है कि यातायात पुलिस इस प्रकार के मामले को रोकने का प्रयास करते रहते हैं और समझाइश से काम चलाने का कार्य करते नजर आते रहे हैं। जिससे बात बनती नहीं दिख रही और टेक्सी चालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। अब यातायात पुलिस को ठोस कार्यवाही करनी होगी।

जिला मुख्यालय में बनी नाली टूटी, टैंकर पलटा

डिंडौरी। (नव प्रदेश)

मुख्यालय की मुख्य सड़क के साथ बनी पक्की नाली में कल नगर पंचायत का टैंकर पलट गया जो कि अब तक निकाला नहीं जा सका है। जानकारी के अनुसार एक आयोजन में आया नगर परिषद के पानी का टैंकर नगर परिषद की ही नाली पर खड़ा होते ही नाली के टूट जाने से पलट गया और नाली पूरी तरह से ध्वस्त हो गई, वहीं टैंकर फंसे होने से आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि कई लाख रुपए की लागत से बनाई गई उक्त नाली वर्षों से अनुपयोगी ही पड़ी है जिसमें न तो पानी की निकासी है और न ही इस नाली में कहीं से पानी आता है, किन्तु इस नाली के चलते टैंकर और बड़े वाहनों के आने जाने में जरूर परेशानी पैदा होती है और इस तरह की कुछ घटनाएं शहर में पहले भी जी चुकी है।

गोटेगांव तहसील क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनी तीन सड़कों पर नाली खोदने पर ठेकेदार के खिलाफ थाने में शिकायत

गोटेगांव। (नव प्रदेश)

गोटेगांव तहसील क्षेत्र के विभिन्न हिस्सो में स्थानीय ठेकेदारों द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है और अधिकांश सड़कें खराब भी हो गई हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए स्थानीय तीन ठेकेदारों ने अपनी तीन सड़कें खराब होने पर एक ठेकेदार के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत देते हुए टैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को थाने में खड़ा कराकर कार्यवाही कराने की मांग की है। जिसमें ठेकेदारों का कहना है कि उनके द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कें एक ठेकेदार द्वारा नाली खोद कर खराब कर दी गई है जिस्से उनको काफी नुकसान हुआ है और ठेकेदारों ने नाली खोद रहे ठेकेदार के खिलाफ लिखित शिकायत थाने में देकर कार्यवाही की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

करेली (नवप्रदेश)

विगत सोमवार की रात्रि लगभग 8 बजे करेली-गाडरवारा मार्ग पर शांतिधाम बस्ती के पास अज्ञात वाहन ने वाईक सवार युवक को टक्कर मार के फरार हो गया। मौके पर उपस्थित युवकों की सहायता से घायल युवक को करेली अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने जाँच कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान करेली बस्ती निवासी अजय उर्फ अज्जू पिता टिल्लू ठाकुर उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई।

सालीचौका में 31 महिलाओं के सफल नसबंदी आपरेशन

सालीचौका नरसिंहपुर। (नव प्रदेश)

स्थानीय सामुदायिक केंद्र साली चौका में 31 महिलाओं के नसबंदी शिविर में डॉक्टर शिवहरे नरसिंहपुर द्वारा सफल ऑपरेशन किए गए। इस शिविर में डॉक्टर स्टाफ ने कोरोना गाईडलाईन का पालन करते हुए सभी महिलाओं के जरूरी टेस्ट करा कर ऑपरेशन किए गए। सफल आयोजन में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल पटेल डॉ. हेमंत शर्मा डॉ. हरिओम कौरव आदि स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने होटलों का निरीक्षण कर दिए सफाई रखने के निर्देश

गाडरवारा नव प्रदेश। (नव प्रदेश)

कलेक्टर वेद प्रकाश के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा होटलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता व सारिका दुबे ने गाडरवारा में होटलों का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन रोड गाडरवारा स्थित नीलकंठ होटल, राजवंश होटल, होटल कम्फर्ट इन, होटल सुरभि का निरीक्षण किया। उन्होंने होटलों में भोजन निर्माण स्थल का मुआयना किया और साफ-सफाई रखने व कमियों को दूर करने के निर्देश दिये। संयुक्त टीम ने होटल नीलकंठ से आटे का नमूना लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोग शाला भोपाल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि आमजन को शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिले तथा भोजन का निर्माण साफ- सुथरी जगह पर हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

दमोह

रजपुरा थाने के सामने धड़ल्ले से बिक रहा पेट्रोल

हटा,दमोह। (नव प्रदेश)

रजपुरा थाना से चंद दूरी पर खुले आम बिक रहा है पेट्रोल एक तरफ सम्पूर्ण दमोह जिले मे पुलिस द्वारा खुले में बेच रहे पेट्रोल दुकानदारों पर पुलिस सख्ती से कार्यवाही कर रही है, वहीं रजपुरा पुलिस द्वारा कार्यवाही महज खाना पूर्ति की गई जो दुकानों पर पेट्रोल बेच रहे दुकानदारों ने रुपये दिये तो रजपुरा थाना प्रभारी ने कार्रवाई नहीं की है और वह खुले आम पेट्रोल अभी भी बेच रहे हैं जिस दुकानदार ने रुपये नहीं दिये तो उन दुकानदारों का पेट्रोल जप्त कर कार्यवाही की गई है। रजपुरा थाना प्रभारी द्वारा दुकानदारों से रुपये ऐंठे जा रहे हैं वहीं रजपुरा थाना से महज चंद दूरी पर पेट्रोल खुलेआम बिक रहा है। जिससे यही अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुलिस की मेहरवानी पेट्रोल विक्रेता पर बनी हुई है। जिससे दिन दहाड़े खुले आम पुलिस थाना के सामने पेट्रोल दिख रहा है, वहीं पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग व पुलिस बल के साथ बटियागढ़ में कार्यवाही

दमोह। (नव प्रदेश)

कलेक्टर तरुण राठी द्वारा डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. संगीता त्रिवेदी को दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह राकेश अहिरवाल, प्रीति राय एवं माधवी बुधौलिया और थाना प्रभारी बटियागढ़ वीरेंद्र बहादुर सिंह के सहयोग से पुलिस बल के साथ जिले की तहसील बटियागढ़ में संयुक्त कार्यवाही करते हुए विभिन्न मिठाई एवं किराना दुकानों पर निरीक्षण कार्यवाही की गई।

इस दौरान श्री गणेश स्वीट्स प्रो. गणेश प्रसाद नेमा की दुकान से खोवा बर्फी स्वीट के नमूने एवं नया बाजार, बटियागढ़ स्थित दिलीप किराना प्रो. दिलीप साहू की दुकान से सिक्का ब्रांड सरसों तेल एवं पोहा के नमूने जांच हेतु लिए हैं। इन खाद्य पदार्थ के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

मिठाई एवं किराना दुकान में मैजिक बॉक्स की सहायता से किराना खाद्य सामग्री जैसे खोवा, कलाकंद, बेसन लड्डू, मोतीचूर लड्डू, गुड कलर, खोवा बर्फी, मसाले, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, हींग, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, मिर्ची पाउडर आदि की ऑन द स्पॉट केमिकल टेस्टिंग की गई। ऑन द स्पॉट जांच में सभी खाद्य पदार्थ मानक स्तर के पाए गए हैं।

श्री अहिरवार ने बताया निरीक्षण में मिठाई एवं विभिन्न किराना दुकानों पर खाद्य पंजीयन की प्रति लगी हुई पाई गई है। गुड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगा हुआ नहीं पाया गया है। मिठाई एवं किराना दुकान में पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन की व्यवस्था का अभाव देखा गया है। मिठाई दुकान में साफ सफाई का स्तर अच्छा पाया गया है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने हेतु दुकान संचालकों को धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की निरीक्षण कार्यवाही के चलते बटियागढ़ की अधिकांश किराना एवं मिठाई दुकानें बंद पाई गई।

आटो यूनियन संघ को दायित्व मुक्त किया

दमोह। आटो यूनियन संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ दमोह के आटो यूनियन संघ के जिला अध्यक्ष सुबोध राही व आटो यूनियन की समस्त कार्यकारिणी को भारतीय मजदूर संघ से दायित्व मुक्त कर दिया गया है। आटो यूनियन संघ के अध्यक्ष द्वारा अब तक कोई भी बैठक एवं संगठन के दिशानिर्देशों का पालन न करने पर उन्हें उनके दायित्व से जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ के आदेश पर दायित्व मुक्त कर दिया गया है।

2 युवकों पर चाकू से किया हमला, एक युवक की मौत, भारी पुलिस बल तैनात

दमोह। (नव प्रदेश)

दमोह मे दो युवकों पर चाकू से हमला होने पर दोनों युवको को जिला अस्पताल दमोह से जबलपुर रेफर किया गया था। जिसमें अजय पिता उमराव मुड़ा बजरिया वार्ड 5 की मौत हो गई, वहीं संजीव पिता जगदीश मुडा का इलाज जबलपुर में जारी है। पुलिस अधीक्षक रात में ही मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तत्काल आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। जहां पूरी रात से जिला अस्पताल परिसर व घटनास्थल पर पुलिस भारी सख्या मे तैनात है। सीएसपी अभिषेक तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली एचआर पांडे दमोह देहात थाना प्रभारी श्याम वैन, थाना प्रभारी बटियागढ़ वीरेंद्र बहादुर सहित और जिले के आसपास की पुलिस तैनात है अजय के शव का एफ एस एल अधिकारी किरण सिंह व पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है। जिसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस ने अजय का मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जा सकेंगे प्राचार्य

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की वीडियो कॉलिंग द्वारा हो रही मॉनिटरिंग

दमोह। (नव प्रदेश)

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की सतत वीडियो कॉलिंग द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है, प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड वार अधिकारियों को निरीक्षण का प्रभार सौंपा है ताकि समस्त विकासखंडों के समस्त विद्यालयों का प्रभावी तरीके से निरीक्षण हो सके। इसी क्रम में आज जिला शिक्षा अधिकारी एचएन नेमा ने हिरदेपुर स्कूल पहुंच कर जायजा लेने पर 10 शिक्षक अनुपस्थित मिले। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को सभी विलंब से आने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु प्राचार्य को निर्देशित किया। सहायक संचालक पीपी सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटी हाई स्कूल विनती, बेलापुरवा एवं बनगांव का सहायक संचालक एन एस ठाकुर ने बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत केरबना लिधौरा एवं लड़ाई बमोरी विद्यालयों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक शैलेंद्र असाटी ने दमोह विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लकलका मनका एवं बलारपुर स्कूलों का ऑनलाइन निरीक्षण किया। सहायक जिला परियोजना समन्वयक मोहन राय ने तेंदूखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत माडनखेड़ा, तेजगढ़ एवं जबेरा विकासखंड के कुलुवा, सिंग्रामपुर तथा घटेरा हाई स्कूल का वीडियो कॉलिंग से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कोविड-19 के अंतर्गत पालन, रिवीजन टेस्ट का विश्लेषण, पाठ्य पुस्तक वितरण, शिक्षकों की डेली डायरी आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि समस्त विद्यालय सुबह 10 बजे आवश्यक रूप से प्रारंभ हो जायें, साथ ही प्राचार्य की टेबल पर शिक्षकों की डेली डायरी, छात्र उपस्थिति, समय विभाग चक्र एवं रिवीजन टेस्ट का परिणाम उपलब्ध होना चाहिए। समय सीमा में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के पाठ्यक्रम को पूरा करने की रणनीति व कार्य योजना सभी प्राचार्य तैयार कर अपने पास रखें। उन्होंने कहा अधिकारियों के वीडियो कॉल आने पर तुरंत रिस्पांस करें, वीडियो कॉल रिसीव न करने पर संबंधित शिक्षक या प्राचार्य को उस दिन अनुपस्थित मानकर कार्यवाही की जाएगी।

कांग्रेस पार्टी का सबके विकास में विश्वास

हटा, दमोह। (नव प्रदेश)

मड़ियादो कांग्रेस स्थापना दिवस पर हटा की कांग्रेस टीम द्वारा एकलव्य आदिवासी सेवा आश्रम में बच्चों के बीच मनाया गया। इस मे टीम द्वारा कांग्रेस की रीति-नीतियों से सभी को अवगत कराया गया। इसके अलावा टीम द्वारा असहाय जरूरतमंदों को गर्म कपड़े भेंट किये गए। कांग्रेस युवा नेता व समाजसेवी दीपेश पटेरिया द्वारा कार्यक्रम में कहा गया कि हम समभाव, सद्भाव और सबके विकास में विश्वास रखते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य विकास हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान घनश्याम यादव, आनंद मोहन पटेरिया, ब्रजेश गुप्ता, ब्रज खटीक, ब्रजेन्द्र कुसमहा, मोंटी चौरसिया, हेमन्त कोरी, जफर खान सहित सभी कांग्रेसी शामिल रहे।

झिरिया खेल मैदान पर सार्वजनिक क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

मड़ियादो,दमोह। (नव प्रदेश)

सोमवार को कस्बे के जामुन झिरिया खेल मैदान पर सार्वजनिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज किया गया। जोकि 28 दिसंबर से आरंभ होकर फाइनल मैच जीतने तक जारी रहेगा। टूर्नामेंट में फाइनल विजेता टीम को 5100 उप विजेता टीम को 21 सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में संदीप राय हटा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, पं बद्री व्यास उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं श्रीमती मंजू लता श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री विक्की पांडे, अमन पांडे साहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com